संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 31 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 30 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी मीडिया से मुखातिब होते हुए।

## सूखी ठंडः पंजाब व हरियाणा में फसलें, हिमाचल-कश्मीर में बागवानी प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**मध्यसागर** से चलने वाले पश्चिमी विक्षोभ के इस बार बेहद कमजोर रहने के कारण सर्दियों में दो महीने की सूखी ठंड ने उत्तर भारत पर खासा असर डाला है। लंबे समय से बारिश न होने के कारण जहां पंजाब और हरियाणा में गेहूं समेत अन्य फसलों व सब्जियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में नाममात्र बर्फबारी से बागवानी, विशेषकर सेब की फसल को क्षति उठानी पड़ी। चंडीगढ़ मौसम केंद्र के निदेशक अजय कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर रहने के कारण ही मैदानी इलाकों में इस बार बारिश देखने को नहीं मिली। बीते दिसंबर से जनवरी में अब तक उत्तर भारत में पड़ी अत्यधिक सूखी ठंड और कोहरा इसकी मुख्य वजह हैं। मध्यसागर के जल स्तर से 12 किलोमीटर ऊपरी छोर से 250 से 300 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वालीं जेट स्ट्रीम हवाएं पश्चिमी विक्षोभ की स्थितियों को पैदा करती हैं। यह पश्चिमी विक्षोभ मध्यसागर से अफगानिस्तान से पाकिस्तान से होते हुए भारत का रुख करता है। इसी से पहाड़ों में हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश होती है, लेकिन इस बार उत्तर भारत इन दो महीने में सूखे पाले, हाड़ कंपा देनी वाली ठंड और कोहरे से बेबस दिखाई पड़ा।

**पाला पड़ने से सब्जियां खराब, गेहूं के पीला पड़ने की आशंकाः** दो माह से पड़ रहा कोहरा व पाला मैदानी इलाकों खासकर पंजाब और हरियाणा के किसानों के लिए बहुत हानिकारक साबित हुआ है। मौसम विशेषज्ञ एके सिंह ने कहा पाला व कोहरा यूं तो इन दिनों कई फसलों के लिए अच्छा होता है, लेकिन इस बार बारिश न होने व अत्यधिक पाला पड़ने से टमाटर व अन्य सब्जियों- फसालों पर बुरा असर पड़ा है। कई फसलें नष्ट हो गईं। गेहूं के भी पीला पड़ने की आशंका है।

चंडीगढ़ मौसम केंद्र ने पंजाब-हरियाणा सरकार के अलावा केंद्र सरकार को भी बीते दो माह में पड़े पाले और सूखे की वजह से नष्ट हुई खेती को लेकर सूचित कर दिया है।


**हिमाचल, कश्मीर और उत्तराखंड में सेब का उत्पादन प्रभावित होना तयः** कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमाचल प्रदेश व कश्मीर में फलों की पैदावार काफी प्रभावित हुई है। हिमाचल में फलों की पैदावार में 85 प्रतिशत हिस्सेदारी सेब से जुड़ी है। इससे करीब छह हजार करोड़ रुपये का उद्योग जुड़ा है।

### आदर्श विचार



"क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।"
भगवान राम

### मन की बात



"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द

## = संसद आएंगे, बीजेपी बोली- इंडिया गठबंधन का ब्रेन डेड

**सर्वदलीय बैठक**

8 सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार
8 इंडिया गठबंधन केवल फोटो शूट है : जोशी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद के श**ीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड 146 सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है। बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हमने पहले ही कहा था कि इंडिया गठबंधन केवल फोटो शूट है। गठबंधन की मौत तो करीब हो ही गई है। इसका ब्रेन डेड है।

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक में उन्होंने असम में राहुल गांधी की यात्रा पर हुए हमले और राज्य सरकार की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का मुद्दा उठाया। साथ ही हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद समेत विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग का भी जिक्र किया। मंगलवार को संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल समेत 30 पार्टियों के 45 नेता शामिल हुए। इसमें कांग्रेस नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के नेता टीआर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे।

**31 जनवरी से निलंबित सांसद सदन में लौटेंगेः** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैंने केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा सभापति हरिवंश नारायण सिंह से विपक्षी सांसदों के निलबंन को रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने यह निलंबन रद्द कर दिया है। बुधवार (31 जनवरी) से निलंबित सांसद सदन में लौटेंगे।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 146 सांसद सस्पेंड किए गए थे। राज्यसभा से 46 सांसद निलंबित हुए थे।

इनमें 35 सिर्फ एक सत्र के लिए सस्पेंड हुए थे। वहीं, 11 सांसदों के सस्पेंशन का मामला प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया था।

### बजट होता क्या है?

**जिस** तरह से हमें अपने घर को चलाने के लिए एक बजट की जरूरत होती है, उसी तरह से देश को चलाने के लिए भी बजट की जरूरत पड़ती है। हम अपने घर का जो बजट बनाते हैं, वो आमतौर पर महीनेभर का होता है।

**बजट की पूरी प्रोसेसः** सबसे पहले वित्त मंत्रालय एक सर्कुलर जारी कर सभी मंत्रालयों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, स्वायत्त संस्थाओं को नए साल के लिए एस्टीमेट बनाने के लिए कहता है। उन्हें नए साल के लिए अनुमान देने के अलावा पिछले साल के खर्च और आमदनी का ब्योरा भी देना होता है।

### विंटर सेशन में 146 सांसद निलंबित हुए थे

**संसद** सुरक्षा चूक पर विपक्षी सांसद पीएम मोदी और अमित शाह से बयान देने की मांग रहे थे। हंगामे के चलते 14 से 21 दिसंबर तक लोकसभा और राज्यसभा से 146 सांसद सस्पेंड हुए। इसमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 61 सांसद (लोकसभा से 44, राज्यसभा से 17) हैं। 18 दिसंबर को कुल 78 सांसदों (लोकसभा-33, राज्यसभा-45) को निलंबित किया गया था। आजादी के बाद पहली बार एक ही दिन में इतने सांसद निलंबित किए गए हैं।

## चंडीगढ़ में निगम चुनाव में भाजपा ने इंडी गठबंधन को दी करारी मात



**विपक्ष भड़का**

8 चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर पर भाजपा का कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

चंडीगढ़ नगर निगम के प्रतिष्ठित चुनाव में विपक्ष के आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) को भारतीय जनता पार्टी ने करारी मात दी है। भाजपा ने नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। मतगणना में चुनाव अधिकारी की ओर से विपक्षी गठबंधन के आठ वोटों को अमान्य कर देने पर आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस ने हाई कोर्ट में दस्तक दी है। कई दिनों की राजनीतिक उठापटक और सियासी घमासान के बीच भाजपा के मनोज सोनकर ने विपक्ष के इंडी गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप टीटा को चार वोटों से हरा दिया। मेयर पद के लिए 35 पार्षदों ने वोट डाला। जिनमें से भाजपा के मनोज सोनकर को 16 तथा आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को 12 वोट मिले।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी को उनकी 76वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने भी बापू को पुष्पांजलि अर्पित की।

## लोकसभाः सपा ने 16 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की जारी


**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**लोकसभा चु**नाव के लिए समाजवादी पार्टी के मंगलवार को उत्तर प्रदेश की 16 लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की है। मैनपुरी से डिम्पल यादव को टिकट दिया गया है। बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव, एटा से देवेश शाक्य, उन्नाव लोकसभा सीट से सपा ने अन्नू टण्डन पर दांव खेला है। जबकि लखनऊ सीट से रविदास मेहरोत्रा और अकबरपुर से राजाराम पाल को टिकट दिया गया है।

## डिजिटलीकरण की मदद से गांव-गांव तक पहुंचेगा सहकारिता मंत्रालयः शाह

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों की कंप्यूटरीकरण की योजना का शुभारंभ किया, इससे सहकारिता क्षेत्र में लोगों की कागजों पर निर्भरता कम होगी और गतिशीलता बढ़ेगी। इस मौके पर अमित शाह ने स्पष्ट किया कि, मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया और सहकारिता से समृद्ध ग्राम की नींव डालने का काम किया है। डिजिटलीकरण की मदद से अब



सहकारिता मंत्रालय गाँव-गाँव तक पहुँचेगा। देश में लंबे समय से सहकारिता मंत्रालय के गठन की मांग की जा रही थी, लेकिन किसी भी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। साल 2021 में मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया और मंत्रालय की कमान अंत्योदय की राजनीति करने वाले अमित शाह के हाथों में सौंप दी। मोदी जी ने सहकारिता के माध्यम से करोड़ो लोगों को स्वरोजगार के साथ जोड़ने का एक मजबूत तंत्र खड़ा किया है। सहकारिता के क्षेत्र से लंबे समय से जुड़े शाह ने सहकारिता आंदोलन को बल देने का काम बखूबी किया। महज 2 साल के अंदर जर्जर हो चुके सहकारिता क्षेत्र को जीवंत बनाने और अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित करने का काम शाह ही कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने की विधायक प्राथमिकता बैठक की अध्यक्षता



**प्राथमिकता**

8 दूसरे दिन के प्रथम सत्र में जिला कांगड़ा, किन्नौर तथा कुल्लू के विधायकों ने अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को वार्षिक योजना 2024-25 के लिए विधायक प्राथमिकताओं पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। दूसरे दिन के पहले सत्र में जिला कांगड़ा, किन्नौर तथा कुल्लू के विधायकों ने अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं आरम्भ की गई हैं। सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के उपेक्षित वर्ग को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन.यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन स्तर को उपर उठाने एवं स्थानीय विकास में इन बैठकों का विशेष महत्व है। वार्षिक योजना 2024-25 में प्रत्येक विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित पांच प्राथमिकताएं प्रस्तावित कर सकते हैं। इनमें सडकें एवं पुल, लघु सिंचाई योजनाएं, ग्रामीण पेयजल/मल निकासी की एक-एक योजना अथवा किसी एक मद में तीन अथवा दो प्राथमिकताएं प्रस्तावित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि रख-रखाव से सम्बन्धित एक प्राथमिकता तथा परिवहन विभाग के अन्तर्गत चार्जिंग स्टेशन सहित इलैक्ट्रिक-बस चलाने के लिए विधायक एक प्राथमिकता शामिल कर सकते हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नाबार्ड से ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि आरआईडीएफ के तहत केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण योग्य गतिविधियां ही पात्र हैं।



# आदर्श नगर: हजारों की संख्या में भागवद् कथा का श्रवण करने पहुंच रहे श्रद्धालु





8 आदर्श कला रचनात्मक संगठन की ओर से किया जा रहा है कथा का आयोजन
8 लगातार 12 सालों से हो रहा है आयोजन : राकेश बंसल
8 चेयरमैन मास्टर जयकिशन के मार्गदर्शन में हो रहा भव्य आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके में सबसे बड़ी भागवद् कथा का लगातार 12वाँ आयोजन किया जा रहा है। आदर्श कला रचनात्मक संगठन की ओर से श्रीमद् भागवत कथा के इस भव्य आयोजन में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुँच रहे हैं। प्रख्यात कथा वाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी के मुखारबिंद से हो रहा है कथावाचन इस मौके पर कथा वाचक आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी (वृंदावन धाम) ने उपस्थित भक्तों को कथा के रहस्यों से अवगत कराया। गोस्वामी जी ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन से कथा का श्रवण करता है। उसके जीवन में खुशियां आती है और दुखों का नाश होता है। उन्होंने यह भी कहा कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें और बड़े- बजुर्गों का हमेशा ही सम्मान करें।

इस मौके पर चेयरमैन मास्टर जयकिशन, मुख्य यजमान और कथा कार्यक्रम संयोजक राकेश बंसल, विरेन्द्र गोयल, तरूण गुप्ता, अमित कुमार, प्रकाश चंद अग्रवाल, संस्थापक वीरेंद्र गोयल सहित संस्था के सभी सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**क्या बोले चेयरमैन मास्टर जयकिशन**
इस अवसर पर चेयरमैन मास्टर जयकिशन ने बताया कि 12वीं बार कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन 26 जनवरी से आरंभ हुआ है और यह कथा 2 फरवरी तक चलेगी। मास्टर जयकिशन ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी भक्त प्रभु की सच्चे मन से आराधना करें और कथा में बताई गई बातों को ध्यान से सुनें और उन पर अमल भी करें। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे और कथा को सुना।



## जैन के खिलाफ आरोप तय करने पर 17 को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले से जुड़े मनी लांड्रिंग के आरोपित दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई टाल दी है। इस मामले की सुनवाई करने वाले जज राकेश स्याल के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टालनी पड़ी। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है कि 20 दिसंबर, 2023 को कोर्ट ने आरोप तय करने के मामले में आंशिक दलीलें सुनी थीं। कोर्ट ने 1 दिसंबर, 2023 को सत्येंद्र जैन को दस्तावेजों की जांच की अनुमति दे दी थी। सत्येंद्र जैन की ओर से 18 नवंबर, 2023 को दस्तावेजों की जांच की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन के वकील ने कहा था कि ईडी द्वारा जो लिस्ट दी गई है वह पूरी नहीं है। जुलाई 2022 के बाद मेरे और इस मामले के सह-आरोपितों के बयान दर्ज किए गए थे, जिसकी जानकारी अभी तक एजेंसी ने सत्येंद्र जैन को नहीं दी है। उन्होंने कहा था कि जुलाई 2022 के बाद अगर कोई बयान दर्ज नहीं कराया है तो इसकी भी जानकारी कोर्ट को देनी होगी।

## दिल्ली को जल्द मिलेगा पांचवां ओल्ड एज होम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में रह रहे बेसहरा बुजुर्गों को जल्द ही विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस पांचवां ओल्ड एज होम मिल जाएगा। दिल्ली सरकार ने पश्चिम विहार में सभी आधुनिक सुविधओं से लैस दिल्ली का पांचवां ओल्ड एज होम का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया है। साबित्री बाई फूले सीनियर सिटीजन होम नामक इस ओल्ड एज होम को जल्द ही बेसहारा बुजुर्गों को सुपुर्द कर दिया जाएगा। 96 बुजुर्गों के रहने की क्षमता वाले इस होम का औपचारिक रूप से संचालन के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी मंजूरी दे दी है और अब फाइल एलजी के पास भेजी गई है। उल्लेखनीय है कि



दिल्ली में अभी चार ओल्ड एज होम संचालित हो रहे हैं, जहां 505 बेसहारा बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था है। इस ओल्ड एज होम के निर्माण में बुजुर्गों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। इस होम में रहने वाले बुजुर्गों को निःशुल्क आवास, भोजन, कपड़े, बिस्तर की सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही, बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए टीवी, रेडियो और किताबें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बुजुर्गों के लिए होम में एक मनोरंज केंद्र होगा। इसके अलावा, बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी भरपूर ख्याल रखा जाएगा। उनकी देखभाल के लिए डॉक्टर और फिजियोथेरेपी समेत अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। समाज कल्याण विभाग ने सावित्रीबाई फूल सीनियर सिटीजन होम का औपचारिक रूप से संचालन के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल ने अनुमति मांगी थी, जिसे उन्होंने मंजूरी दे दी है।

**पहले से दिल्ली में चल रहे चार ओल्ड एज होम:** दिल्ली में अभी कुल 4 ओल्ड एज होम का संचालन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। पहला ओल्ड एज होम साउथ-वेस्ट जिला के बिंदापुर में 1974 में निर्मित किया गया था, जहां 52 बेसहारा बुजुर्गों के रहने की क्षमता है।

## डीपीआईआईटी ने सामानों की गुणवत्ता-नियंत्रण के लिए जारी किया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विद्युत सामग्री, प्रयोगशाला में इस्तेमाल होने वाले कांच के सामान, खिड़की दरवाजों में लगने वाले कब्जे, फिटिंग और तांबे के सामानों सहित उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आदेश की अधिसूचना जारी की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि सरकार देश में सुदृढ़ गुणवत्ता इकोसिस्टम (पारिस्थितिकी तंत्र) विकसित करने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है।

इसका उद्देश्य सुदृढ़ अर्थव्यवस्था और उच्च विकास के लिए बेहतर तथा सुरक्षा अनुरूप उत्पादों पर बल देना है। डीपीआईआईटी ने इन महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए हैं।

## दिल्ली दंगा : शरजील की जमानत पर 17 फरवरी तक सुनवाई पूरी करे ट्रायल

**सुनवाई**

8 वैधानिक जमानत याचिका पर पहले कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल जज रावत सुनवाई कर रहे थे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि वो दिल्ली दंगा मामले के आरोपित शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर 17 फरवरी तक सुनवाई पूरी करे। जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान शरजील इमाम की ओर से पेश वकील तालिब मुस्तफा ने कहा कि कड़कड़डूमा कोर्ट ने 22 जनवरी को हुई सुनवाई में इस याचिका पर 7 फरवरी को सुनवाई करने का आदेश दिया था। उन्होंने इस याचिका पर जल्द सुनवाई करने का दिशानिर्देश जारी करने की मांग की। उसके बाद हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि वो 7 फरवरी को सुनवाई के बाद दस दिनों के अंदर 17 फरवरी तक वैधानिक जमानत याचिका पर फैसला सुनाएं।

शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर पहले कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल जज अमिताभ रावत सुनवाई कर रहे थे। उनके ट्रांसफर होने के बाद में जज समीर बाजपेई ने इस मामले पर नए सिरे से सुनवाई करने का आदेश दिया था।

## कैट को बजट से लाभकारी व्यापारिक नीतियों की घोषणा की उम्मीद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश के प्रमुख कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) को एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट का बेसब्री से इंतजार है। कैट ने अंतरिम बजट में खुदरा व्यापार एवं लघु उद्योगों सहित अर्थव्यवस्था के अन्य सेक्टरों में वृद्धि के लिए मजबूत नीतियों की घोषणा करने की उम्मीद जताई है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि इस बार अंतरिम बजट में आर्थिक विकास पर जोर दिए जाने की उम्मीद हैं। खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारियों को कारोबार के लिए कर सुधार और प्रोत्साहन के माध्यम से खुदरा व्यापार को बढ़ावा दिये जाने की आशा है। उन्होंने कहा कि कारोबारियों को उम्मीद है कि अंतरिम बजट में ऐसे कदम उठाए जाएंगे, जो उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देने, व्यापार गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एक साकारात्मक वातावरण पैदा करने में सहायक हो। खंडेलवाल ने कहा कि देश का बुनियादी ढांचा, विकास का मुख्य क्षेत्र है। इसकी वजह यह सीधे तौर पर लॉजिस्टिक और सप्लाई चेन को प्रभावित करता है। कैट महामंत्री ने कहा कि इसलिए व्यापारिक समुदाय इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में ज्यदा धन का आवंटन करने की उम्मीद करता है, जो परिवहन को संघटित कर, लागतों को कम करते हुए देश की कुल व्यापार क्षमता को बढ़ावा दे सकते हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने सरकार से ऐसी नीतियों की उम्मीद जताई है, जो भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में मजबूती दे। उन्होंने कहा कि व्यापार मित्र नीति, व्यापार समस्याओं का करने के लिए राजनयिक प्रयास और उभरते बाजारों का शीघ्रता से उपयोग करने के लिए रणनीतिक पहलुओं की चर्चा भी बजट में होने की संभावना दिखाई देती है।


॥ श्रद्धांजलि सभा ॥



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पुज्य माताजी
श्रीमती कलावती देवी
(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री चंदगीराम जी)
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर शनिवार 20 जनवरी 2024 को प्रभु चरणों में लीन हो गई है उनकी आत्मा की शांति के लिए
श्रद्धांजलि सभा और रस्म पगड़ी
बुधवार, 31 जनवरी 2024
ब्रह्मभोज दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
रस्म पगड़ी 3:00 बजे से 4:00 बजे तक
स्थान:- प्राचीन शिव मन्दिर केवल पार्क
शोकाकुल परिवार
चंदगी राम प्रेम चंद
चंदगी राम सुनील कुमार
अनिल कुमार सिंगला (पुत्र),
सुनील सिंगला (पुत्र),
राकेश सिंगला (पुत्र)
(पौत्र)
आशीष सिंगला, प्रवीण सिंगला,
साहिल सिंगला, सयम सिंगला,
सोमील सिंगला
K-22 केवल पार्क एक्स... आजादपुर दिल्ली-33


## त्रीनगर: धूमधाम से मनाया गया राजेन्द्र सिंह का जन्मदिन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक व समाज-सुधारक राजेन्द्र सिंह का जन्मदिन बडी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संघ के कई पदाधिकारियों ने राजेंद्र सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए मंगल कामना की। तो वहीं उनके आवास पर भी चाहने वालों का बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। इसी बीच त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा ने राजेन्द्र सिंह का मुहं मीठा करा जन्मदिवस की बधाई दी और शॉल उढ़ाकर उनके दीर्घायु व स्वास्थ जीवन की मंगल कामना भी की। जन्मदिन के मौके पर राजेंद्र सिंह ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। जन्मदिन के कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्मकुमारी आश्रम में किया गया और बाबा के आशीर्वाद और बहन जी के आशीर्वाद के साथ बड़ी ही धूमधाम से सभी भक्तों के बीच मनाया गया।

**बधाई**

8 भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय शर्मा ने राजेन्द्र सिंह का मुहं मिठा कर जन्मदिन की बधाई दी

## एंफेटामाइन ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री/लैब का हुआ पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
युवाओं में पॉपुलर हो रहे एंफेटामाइन ड्रग को बनाने की फैक्ट्री/लैब का द्वारका जिला के एंटी नारकोटिक्स सेल ने पर्दाफाश किया है। ग्रेटर नोएडा में छापा मारकर वहां से करोड़ों की ड्रग्स और उसे बनाने वाला मैटेरियल बरामद किया है। इस मामले में चार अफ्रीकन मूल के नागरिकों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार ग्रेटर नोएडा में ड्रग बनाने का इन्होंने एक लैब तैयार किया हुआ था। जहां पर एमफेटामाइन ड्रग्स तैयार किया जाता था। वहां से 20 किलो से ज्यादा रॉ मटेरियल और एंफेटामाईन ड्रग बरामद किया गया। इसके साथ ही चार अफ्रीकन मूल के ड्रग तस्कर गिरफ्तार हुए हैं, उनमें से तीन पहले 10-10 साल की सजा पा चुके हैं। यह अभी बेल पर बाहर चल रहे थे।

# मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क हेतु नीति में संशोधन

**मंत्रिमण्डल**

**8 इंटीग्रेटेड इनलैंड कंटेनर डिपो/कस्टम बाउंडेड क्षेत्रों की स्थापना के लिए न्यूनतम 20 एकड़ क्षेत्र आवश्यक होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में एकीकृत/मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, इंटीग्रेटेड इनलैंड (एकीकृत अंतर्देशीय)कंटेनर डिपो, लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउस-कम-रिटेल, ट्रकर्स पार्क, कैश एंड कैरी, वेयरहाउस, कोल्ड चेन सुविधाएं और गैस गोदाम स्थापित करने के लिए नीति में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधित नीति के तहत, इंटीग्रेटेड इनलैंड कंटेनर डिपो/कस्टम बाउंडेड क्षेत्रों की स्थापना के लिए न्यूनतम 20 एकड़ क्षेत्र आवश्यक होगा, जो वर्तमान में 50 एकड़ है। खुदरा सुविधाओं वाले कृषि गोदामों के लिए न्यूनतम 2 एकड़ क्षेत्र अनिवार्य होगा, जबकि खुदरा सुविधाओं वाले गैर-कृषि गोदामों के लिए 5 एकड़ की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, डेवलपर्स को कृषि गोदामों के लिए न्यूनतम 33 फीट और गैर-कृषि गोदामों के लिए 60 फीट की दूरी सुनिश्चित करनी होगी। कोल्ड चेन भंडारण सुविधाओं के लिए न्यूनतम 33 फीट दूरी की आवश्यकता होगी। इन संशोधनों का उद्देश्य नगर एवं ग्राम आयोजना और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग दोनों की नीतियों में न्यूनतम पात्रता शर्तों और दृष्टिकोण मानदंडों में स्थिरता बनाए रखना है।



## 14 पेंशन योजनाओं के लिए 250 रुपये मासिक वृद्धि को मंजूरी दी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, एससी और बीसी के कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा कार्यान्वित की जा रही 14 पेंशन योजनाओं के लिए 1 जनवरी, 2024 से 250 रुपये की मासिक वृद्धि, जो फरवरी, 2024 से देय होगी, को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लगभग 31.40 लाख लाभार्थी लाभान्वित होंगे। कैबिनेट ने सेवा विभाग के तहत संचालित नौ सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की दरों में 2000 रुपये से बढ़ोतरी को भी मंजूरी दे दी है. 2,750/- से रु. 3,000 प्रति माह, 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी। इन योजनाओं में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा एवं निराश्रित महिला को पेंशन, दिव्यांग पेंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, हरियाणा के बौनों को भत्ता, हरियाणा के किन्नरों को भत्ता, स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता, कश्मीरी प्रवासियों को वित्तीय सहायता योजना, विधुर एवं अविवाहित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता, चरण और कैंसर रोगियों के लिए वित्तीय सहायता, दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता आदि शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूल न जाने वाले विकलांग बच्चों की योजना के लिए वित्तीय सहायता 2,150 से 2,400 रुपये बढ़ा दी गई है। निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता योजना 1,850 से 2,100 रुपये और कश्मीरी प्रवासी योजना के तहत वित्तीय सहायता बढ़ाकर 1250 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये कर दी गई है।

पेंशन दरों में यह वृद्धि हरियाणा सरकार की अपने निवासियों के कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बढ़ी हुई वित्तीय सहायता का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में लाभार्थियों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना, समावेशिता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है।

**हरियाणा में थैलेसीमिया और हीमोफीलिया रोगियों को 3000 रुपये मासिक दिव्यांगता पेंशन मिलेगी:** हरियाणा में थैलेसीमिया और हीमोफीलिया से पीड़ित मरीज, जिनकी पारिवारिक आय प्रति वर्ष 3 लाख रुपये तक है, अब 3000 रुपये की मासिक दिव्यांगता पेंशन के हकदार होंगे। इस निर्णय से लगभग 2083 रोगियों को लाभ होने की उम्मीद है और वर्तमान में 3000 रुपये मासिक पेंशन की दर के अनुरूप 7.49 करोड़ रुपये का वार्षिक वितरण होगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ह्यहरियाणा दिव्यांग पेंशन नियम, 2016ह्व के तहत मौजूदा अधिसूचना में थैलेसीमिया और हीमोफीलिया रोगों को शामिल करने की मंजूरी दे दी। इस निर्णय का उद्देश्य ऐसे रोगियों को दिव्यांगता पेंशन का लाभ प्रदान करना और इन रोगियों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले वर्ष 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के थैलेसीमिया और हीमोफीलिया रोगियों को दिव्यांगता पेंशन योजना में शामिल करने की घोषणा की थी। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट (2022) के अनुसार, हरियाणा में थैलेसीमिया के लगभग 1300 मामले और हीमोफीलिया के लगभग 783 मामले दर्ज किए गए हैं।

मरीजों की वर्तमान स्थिति का पता लगाने के लिए कि वे ठीक हो गए हैं या नहीं, संबंधित सिविल सर्जन द्वारा थैलेसीमिया और हीमोफिलिया प्रमाणपत्रों का प्रति वर्ष सत्यापन किया जाएगा।

## ब्राह्मण सभा को धर्मार्थ कार्यों के लिए कलेक्टर दर के 50 प्रतिशत की रियायती दर पर करेगी भूमि आवंटित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के मेधावी बच्चों की शैक्षणिक उन्नति के लिए नगरपालिका समिति, जुलाना की 510.04 वर्ग मीटर भूमि को धर्मार्थ कार्यों के लिए ब्राह्मण सभा को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। यह भूमि कलेक्टर दर की 50 प्रतिशत की रियायती दर पर आवंटित की जाएगी। इस भूमि का हस्तांतरण ब्राह्मण सभा को रियायती दर पर हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 की धारा 62 ए के खंड (घ) के प्रावधानों के अनुसार किया गया है।

## अवैध इमीग्रेशन पर अंकुश लगाने के लिए विनियमन विधेयक को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में निर्दोष और बेरोजगार युवाओं को अवैध आप्रवासन (इमीग्रेशन)रैकेट का शिकार होने से बचाने के लिए हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2024 को स्वीकृति प्रदान की गई। आप्रवासन से संबंधित धोखाधड़ी गतिविधियों में लगे भ्रष्ट ट्रैवल एजेंटों द्वारा धोखा दिए जाने वाले व्यक्तियों, विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा राज्यों से, की परेशानी को कम करने के लिए यह साहसिक पहल की गई है। इस विधेयक की मुख्य विशेषताओं में यह शामिल है कि कोई भी व्यक्ति अधिनियम के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना ट्रैवल एजेंट का पेशा नहीं कर सकता। आवेदन सक्षम प्राधिकारी को निर्दिष्ट समय के भीतर आवश्यक दस्तावेजों, शुल्क के साथ प्रस्तुत करना होगा। सक्षम प्राधिकारी आवेदन विवरण को सत्यापित करने के बाद पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी कर सकता है। विधेयक के अनुसार प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाता जब तक कि पुलिस द्वारा विवरण सत्यापित नहीं किया जाता है, पंजीकरण प्रमाणपत्र की वैधता तीन साल के लिए होती है, जिसे निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार नवीनीकृत किया जाता है। इसके अलावा, नया कार्यालय या शाखा खोलने के लिए नया पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

## भूमि विकास के लिए 1500 करोड़ रुपये की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी और आईएमटी, सोहना में बुनियादी ढांचे के विकास के अलावा औद्योगिक क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भूमि विकास के लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) की 1500 करोड़ रुपये की कार्य सीमा को मंजूरी/बढ़ाने को स्वीकृति दे दी गई है। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कार्यशील पूंजी सीमा में वृद्धि 1500 करोड़ रुपये रखे गए हैं। ब्याज दर टी-बिल दरों से जुड़ी हुई है, जो एक प्रतिस्पर्धी और बाजार-संरेखित वित्तपोषण संरचना सुनिश्चित करती है।

## 1094 वर्ग गज सरकारी भूमि को सैन समाज कल्या[?]सभा को हस्तांतरित को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एनआईटी फरीदाबाद में 1094 वर्ग गज सरकारी भूमि को सैन समाज कल्याण सभा, फरीदाबाद को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय सामाजिक/धार्मिक/धर्मार्थ/सामुदायिक उद्देश्यों के लिए सरकारी भूमि के आवंटन की नीति के तहत धर्मशाला और मंदिर जैसे धार्मिक और सामुदायिक उद्देश्यों के लिए 915 वर्ग मीटर भूमि के आवंटन के लिए सोसायटी के अनुरोध के तहत लिया गया है। प्रस्तावित हस्तांतरण में राजस्व विभाग की सरकारी भूमि शामिल है और निर्णय दिनांक 12-02-2019 की नीति के पैरा 8 के अनुरूप है।

**फैसला**

**8 हस्तांतरण में राजस्व विभाग की सरकारी भूमि शामिल है और नीति के पैरा 8 के अनुरूप है**

1947 में पश्चिमी पंजाब से विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्ववर्ती भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत अधिग्रहित भूमि, अब सैन समाज कल्याण सभा, फरीदाबाद के लिए पूजा स्थल और सामुदायिक सुविधाएं स्थापित करने के उद्देश्य से दी गई है ।

प्रश्नाधीन भूमि का कलेक्टर रेट 17,000 रुपये प्रति वर्ग गज है और यह निर्णय लिया गया है कि कलेक्टर दरों की 50% की रियायती दर पर सैन समाज कल्याण सभा को हस्तांतरण किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 93,01,890 रुपये सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन, वित्त विभाग ने पहले ही अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

सैन समाज कल्याण सभा, फरीदाबाद, जो हरियाणा पंजीकरण और सोसायटी विनियमन अधिनियम, 2012 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी है, ने राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अधिसूचित सरकारी भूमि के आवंटन के लिए नीति में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार हस्तांतरण की मांग की थी।

## प्रदेश में 82 हजार लाईटें लगाई जाएंगी: डॉ. कमल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में 82 हजार लाईटें लगाई जाएंगी जिससे हर सडक व हर चौंक सुंदर दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चौक व पार्क को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के फुव्वारे भी लगाए जाएंगे। डॉ. कमल गुप्ता ने गत देर सायं नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा कर उचित दिशा-निर्देश दिए। यमुनानगर शहर में भी चार हजार लाईटें लगवाई जायेंगी जिससे हर सडक व हर चौक सुंदर दिखेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में जगह को चिन्हित कर बस क्यू शैल्टर बनाए जाएं। स्थानीय निकाय मंत्री ने नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यमुनानगर व जगाधरी शहर ब्यूटीफुल सिटी के रूप में दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की साफ-सफाई में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए इसके लिए मशीनों व मैनपॉवर को भी लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडकों के बीच व साईड में खड़े पेड़ों की ट्रीमिंग करवाई जाए।

**सौंदर्यीकरण**

**8 प्रत्येक चौक व पार्क को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के फुव्वारे भी लगाए जाएंगे**

## बिठमड़ा व सुरेवाला को भाखड़ा नहर से मिलेगा पीने का स्वच्छ पानी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उकलाना हलके के गांव बिठमड़ा व सुरेवाला के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। राज्य सरकार द्वारा पानी की सप्लाई करने के इस प्रोजेक्ट को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। श्रम मंत्री अनूप धानक इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 7 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से भाखड़ा नहर से पीने के पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिससे गांव बिठमड़ा व सुरेवाला के ग्रामीणों को पानी मुहैया होगा। उन्होंने बताया कि गांव बिठमड़ा व सुरेवाला में पीने के पानी की कमी थी और ग्रामीणों को मजबूरन ट्यूबवेल से दी जाने वाली पानी की सप्लाई पर निर्भर रहना पड़ रहा था।

**मांग पूरी**

**8 ग्रामीणों की वर्षों से मांग रही है कि उनके लिए भाखड़ा नहर से नई पाइप लाइन बिछाकर पीने का पानी सप्लाई किया जाए**

दोनों गांव के ग्रामीणों की वर्षों से मांग रही है कि उनके लिए भाखड़ा नहर से नई पाइप लाइन बिछाकर पीने का पानी सप्लाई किया जाए। जिसे लेकर उन्होंने लगातार प्रयास किया और उनके बड़े प्रयासों के बाद अब हरियाणा सरकार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए राशि मंजूर कर दी है। राशि से पीने की सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी व भाखड़ा नहर के पास एक वाटर टैंक बनाया जाएगा तथा वहीं पर पंप सैट, डीजी सैट व बिजली ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। दोनों गांवों में पानी की सप्लाई होगी। उनका खुद का ये बड़ा ड्रीम प्रोजेक्ट पूरा होने जा रहा है। श्रम मंत्री अनूप धानक ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए अब जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू करके जल्दी ही पाइप लाइन बिछाने का कार्य और अन्य कार्य शुरू होंगे।

उन्होंने पीने के पानी लाने के प्रोजेक्ट को मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का धन्यवाद किया।

## विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

**हरियाणा** विधानसभा का आगामी बजट सत्र 20 फरवरी, 2024 से शुरू होगा। यह जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल जो संसदीय कार्य मंत्री भी हैं, ने हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे जानकारी देने के लिए प्रैसवार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक से पहले भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी देते हुए कंवर पाल ने बताया कि शहीदों के 18 आश्रितों को नौकरी देने की स्वीकृति प्रदान की है, जो किन्हीं कारणों से समय पर नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार किसान को अपने खेत से स्वयं के उपयोग के लिए भरत हेतु उठाई जाने वाली मिट्टी की रायल्टी 200 रुपये अब नहीं देनी होगी और न ही सरकारी कार्यालय में जाने की आवश्यकता होगी, उन्हें मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर जानकारी अपलोड करनी होगी। हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) को 1500 करोड़ रुपये के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**बजट से उम्मीदें**

**8 बैठक से पहले भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया**

## 'पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनाने की ओर अग्रसर'

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा घर-घर

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अम्बाला में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमने मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करना है। इस कार्य में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी तो सन 1947 में मिल गई थी, लेकिन किसी ने देश को विश्व गुरू बनाने की नहीं सोची। वर्तमान सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व गुरू बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और पिछले 10 वर्षों में इस दिशा में लगातार कार्य भी किए गए हैं। वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्रों की



सूची में शामिल होगा, 25 साल का जो कार्यकाल है उसे अमृतकाल की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि विश्व में 37 विकसित राष्ट्र है और विकसित राष्ट्र के लिए कुछ पैरामीटर भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल होने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मौके पर यह भी कहा कि पिछले दो महीने से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कुछ जिलों में यह यात्राएं चल रही हैं, 31 जनवरी तक इन यात्राओं का समापन होगा। हर व्यक्ति की, हर परिवार की चिंता करना तथा समाज का वो भाग जो वंचित है, अभावग्रस्त है उसे मुख्य धारा से जोडने का काम हमने इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से करने का काम किया है। हरियाणा के 6200 गांवों में तथा शहरों में लगभग 2000 जगह यानि पूरे हरियाणा में लगभग 8000 से अधिक जगहों पर यह कार्यक्रम आयोजित करके केन्द्र व प्रदेश की जो योजनाएं है, उनका लाभ हाथों हाथ योग्य पात्रों को दिलवाने का काम किया गया है।

**विकसित भारत**

**8 हमने मिलकर भव्य भारत की कल्पना को साकार करना है - मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर**

## अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले की तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने बताया कि फरीदाबाद में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले की तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं। जिसमे थीम स्टेट गुजरात व कल्चरल पार्टनर नार्थ ईस्ट (अष्ट लक्ष्मी) रहेगा। सूरजकुंड मेले का उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा।

कंवरपाल ने यह जानकारी आज हरियाणा निवास चंडीगढ़ में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मेला 2 फरवरी से शुरू होकर 18 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार मेले में देश-विदेश की कलाओं व संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। इसके साथ ही लोक नृत्य व गायन से कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।

उन्होंने बताया कि 50 देशों से लगभग 800 लोगों ने भाग लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है और उनकी हस्तकलाओं और लोक कलाओं का प्रदर्शन होगा।

**प्रदर्शनी**

**8 सूरजकुंड मेले का उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा**

## हार मेरी कुंडली में नहीं, प्रदेश की दसों सीटें जीतेंगे: बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

चुनाव प्रभारी नियुक्त होने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हार मेरी कुण्डली में नहीं है, हम दस की दस लोकसभा सीटें जीतेंगे। वे फरीदाबाद लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कार्यालय शुभारंभ अवसर पर बिप्लब देब ने दहाड़ लगाई कि देश और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती, क्योंकि हरियाणा की जनता भाजपा के साथ है। मोदी-मनोहर की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता खुश है। उन्होंने

**दावा**

**8 फरीदाबाद में लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ करने पहुंचे प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब देब**

इस मौके पर जमकर मुख्यमंत्री मनोहर और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की तारीफ की । देब ने मुख्यमंत्री को ईमानदार और प्रदेश अध्यक्ष को विनयी स्वभाव का बताया। भाजपा प्रभारी ने कांग्रेस पर जमकर वार भी किए। देब ने कहा कि हरियाणा की जनता हमारे साथ है और जनता जनार्दन के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर दसों लोकसभा सीटें भाजपा जीत रही है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी कुंडली में हार नहीं है, इसलिए हरियाणा में भी सभी 10 की दस लोकसभा सीट जीतेंगे। प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री बनने के लिए गांधी परिवार में जन्म लेना होगा। इससे पहले फरीदाबाद में प्रदेश प्रभारी व कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के संबोधन को एलईडी पर लाइव सुना।

## गठबंधन सरकार ने फिर बनाया हरियाणा को अपराधों की राजधानी

### गोहाना में फायरिंग की घटना पर भूपेंद्र हुड्डा की कड़ी प्रतिक्रिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पूर्व मुख्यमंत्री** और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी गठबंधन ने हरियाणा को फिर से वहीं अपराध की राजधानी स्थापित कर दिया है, जिसे कांग्रेस सरकार ने खत्म किया था। आज प्रदेश की जनता खौफ के साये में जी रही है और अपराधी बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हुड्डा गोहाना में मातुराम जलेबी वाले की दुकान पर हुई अंधाधुंध फायरिंग और उनसे दो करोड रुपए की फिरौती मांगने की वारदात पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस वारदात के विरोध में सड़कों पर उतरी गोहाना की जनता ने गठबंधन सरकार को



आईना दिखाया है। प्रदेश में सरकार व कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नजर नहीं आती। सत्ता में बैठे लोग सिर्फ घोटालों को अंजाम देकर जनता को लूटने में लगे। उन्हें नागरिकों की सुरक्षा से कोई वास्ता नहीं है। खुद केंद्र सरकार का सामाजिक प्रगति सूचकांक बताता है कि बीजेपी-जेजेपी के राज में हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है।

एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि फिरौती, चोरी, लूट डकैती, हत्या जैसी वारदातें हरियाणा की दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। प्रदेश में रोज 3 हत्याएं, 5 रेप जैसी वारदातें होती हैं। दिन-दिहाड़े वारदातों के मामले में हरियाणा ने यूपी-बिहार को भी पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र के बाद ऐसी वारदातों में दूसरा नंबर हरियाणा का आता है। सिर्फ एक साल के भीतर महिलाओं के विरूद्ध अपराध के 16,743 मामले यानी रोज 46 मामले सामने आए हैं। एक साल में बलात्कार के 1,787 केस यानी रोज 5 बेटियों की अस्मत लूटने के मामले सामने आए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 2014 से पहले हरियाणा को देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रदेश से तमाम गैंगस्टरों का सफाया हो गया था। अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हुई। सारे अपराधियों ने हरियाणा छोड़ दिया था। सुरक्षित माहौल होने के चलते प्रदेश में निवेश का माहौल बना और देश में सर्वाधिक निवेश हरियाणा में आया। इसके चलते रोजगार सृजन हुआ और प्रदेश के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में लाखों नौकरियां मिलीं।

**तंज कसा**

**8 हरियाणा को फिर से वहीं अपराध की राजधानी स्थापित कर दिया है, जिसे कांग्रेस सरकार ने खत्म किया था**

## न्यूज फ्लैश

### गाँव कालरों में लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा तथा जागरूकता शिविर



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विश्व कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर महानिदेशक, आयुष विभाग हरियाणा डॉ. अंशज सिंह के निर्देशानुसार तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन में जिले के गाँव कालरों में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर तथा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सतपाल ने बताया कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत जिला करनाल में ग्राम कालरों को आयुष ग्राम के लिए चयनित किया गया है। आयुष ग्राम प्रोग्राम के तहत विश्व कुष्ठ रोग स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आमजन को कुष्ठ रोग बारे जागरूक किया गया तथा साथ ही साथ नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर 152 मरीजों को नि:शुल्क दवाईयाँ भी दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.सतपाल, डॉ.सोनिया, सरपंच नीलम राणा, समाजसेवी एडवोकेट अनु राणा, डॉ. धर्मवीर, डॉ. विनोद गुप्ता द्वारा भगवान धनवन्तरी के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की गई। डॉ. धर्मवीर तथा डॉ. विनोद गुप्ता द्वारा रोगियों की जाँच की गई तथा संगीता एवं अशोक कुमार द्वारा नि:शुल्क दवाईयों का विरतण किया गया।

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डॉ. सोनिया द्वारा बताया गया कि आयुष ग्राम प्रोग्राम का उद्देश्य आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के साथ-साथ उसे जन-जन की जीवनशैली में उतारना है। डा. धर्मवीर सिंह ने विश्व कुष्ठ रोग स्वास्थ्य दिवस पर कुष्ठ रोग के लक्षण, घरेलू उपचार, रोकथाम बारे विस्तृत जानकारी दी। कुष्ठ रोग के ईलाज के लिए विभिन्न औषधियों तथा विभिन्न आयुर्वेदिक दवाईयों बारे विस्तार से बताया गया।

### पेंट्स कंपनी के रूप में जेएसडब्ल्यू पेंट्स की वृद्धि निरंतर रूप से जारी

**गाजियाबाद।** भारत की प्रमुख पर्यावरण-अनुकूल पेंट्स और 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 5 वर्ष पहले अपनी स्थापना के बाद से इंडस्ट्री की तुलना में अपने व्यवसाय में 5 गुना अधिक वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 22 में 1,000 करोड़ रुपए का अभूतपूर्व आँकड़ा पार करने के बाद, जेएसडब्ल्यू पेंट्स अब 15 महीनों के भीतर 2,000 करोड़ रुपए के रन-रेट की महारत हासिल कर चुका है। कंपनी वित्त वर्ष 24 में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। कंपनी को दृढ़ विश्वास है कि यह इससे भी कम समय में अपना अगला राजस्व 1,000 करोड़ रुपए हासिल करेगी, जो चालू वित्त वर्ष में 9 महीनों के भीतर पहले ही 1,500 करोड़ रुपए का आँकड़ा पार कर चुकी है। ये उपलब्धियाँ जेएसडब्ल्यू पेंट्स को न सिर्फ एक अद्वितीय कंपनी के रूप में पहचान दिलाती हैं, बल्कि इसे देश में छठी सबसे बड़ी पेंट्स कंपनी के अपने वर्तमान स्थान से ऊपर उठाकर कुछ ही वर्षों में सबसे बड़ी चौथी कंपनियों में से एक बनने के लिए भी तैयार करती हैं। अपने व्यवसाय के विकास पर टिप्पणी करते हुए, श्री पार्थ जिंदल, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू पेंट्स, ने कहा, "हमारा प्रयास शुरू से ही एक मजबूत समग्र जल-आधारित पेंट्स पोर्टफोलियो बनाने का रहा है, जिसने हमें भारतीय उपभोक्ताओं की तेजी से विकसित हो रही प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए एक प्रभावशाली स्थिति प्रदान की है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पहले सच्चे कंज्यूमर-फेसिंग बिजनेस को देश भर में अनूठी पहचान मिली है, जिसने हमें बाजार में प्रवेश करते ही बेहद कम समय में 2,000 करोड़ रुपए के राजस्व का आँकड़ा पार करने में सक्षम बनाया। हम जेएसडब्ल्यू पेंट्स को भविष्य की प्रमुख पेंट्स कंपनी के रूप में स्थापित करने के अपने दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो इंडस्ट्री में लगातार नए रुझान स्थापित करेगी।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद : सुमिता सिंह

## शांति और अहिंसा के महान समर्थक महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पूर्व** विधायक सुमिता सिंह ने महात्मा गांधी चौक पर उनके नेतृत्व में जागीर सैनी जिला प्रधान कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी के साथ शांति और अहिंसा के महान समर्थक महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए।



सुमिता सिंह ने कहा हिम राष्ट्रीय एकता के बारे में बात करते हैं तो मैं सबसे पहले उस व्यक्ति की बात करना चाहूंगी, जिसका हमारी आजादी के साथ हमारे समाज से जाति, वर्ग और लिंग के आधार पर भेदभाव जैसी कई तरह के कुरीतियों को उखाड़ फेंकने में सबसे अहम योगदान रहा। वह कोई और नहीं बल्कि हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ही थे, जिन्होंने भारत के कई स्वतंत्रता आंदोलनों में सफलतापूर्वक अपनी भूमिका निभाई।

सुमिता सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता ने लाखों लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई में आने के लिये प्रेरित किया और इसी सम्मिलित प्रयासों के चलते अंग्रेजों को हमें स्वतंत्रता देने के लिये विवश होना पड़ा, जो कि हमारा जन्म अधिकार के साथ ही हमारा मौलिक अधिकार भी है। उन्होंने महत्वपूर्ण आंदोलनों के बारे में बताया। ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने के लिये महात्मा गाँधी ने 8 अगस्त 1942 को ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया, जो कि बहुत ही असरदार अभियान साबित हुआ। अपने इस आंनदोलन में भी उन्होंने सत्य और अंहिसा को ही आधार बनाया।

उन्होंने कहा कि दांडी यात्रा गाँधी जी द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध किए गये सबसे लोकप्रिय आंदोलन में से एक थी। यह आंदोलन अंग्रेजो द्वारा हमारे देश में नमक पर लगाए गये कर के विरोध में गाँधी जी के नेतृत्व में 12 मार्च से लेकर 6 अप्रैल 1930 तक चलाए, जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों के साथ अहमदाबाद से लेकर गुजरात में ही स्थित दांडी तक 388 किलोमीटर की पैदल यात्रा की और दांडी पहुंचकर उन्होंने खुद से नमक बनाकर इस कानून का विरोध किया।

## छात्रों को समय रहते अपने लक्ष्य को तय कर लेना चाहिए: मनोज कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। राजकीय कन्या** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रेम नगर एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घोघड़ीपुर में व्यावसायिक मार्गदर्शन के अंतर्गत स्कूल के विद्यार्थियों को भविष्य में अपनाए जाने वाले कोर्सों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायक रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ने अपने विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि छात्रों को समय रहते अपने लक्ष्य को तय कर लेना चाहिए, इससे तैयारी करने में आसानी होगी। उनके द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न उच्च शिक्षा से संबंधित कोर्सों व सरकारी सेवा में बेहतर सेवा देने बारे बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि 11वीं-12वीं क्लास से ही जिस फील्ड में जाना है, उसकी तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि आज कल कई तरह के कम्पिटीशन होते रहते हैं, उनमें हिस्सा लें, इससे तैयारी व एजुकेशन लेवल का पता चलता रहेगा।

# व्यापारी से लूट मामले में आरोपियों की सहायता करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। सीआइए वन** की टीम ने पिस्तौल दिखाकर व्यापारी से अठारह लाख रुपए छीनने वाले मामले में मुख्य आरोपियों की सहायता करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में शिकायतकर्ता रमित चावला व्यापारी वासी सेक्टर 6 करनाल ने 22 दिसंबर 2023 को शिकायत दी थी कि उसके पास सुनील वासी हकीकत नगर और कौशल वासी मटक माजरी नौकरी करते हैं। दोनों 22 दिसंबर को 18 लाख रुपए मोटरसाइकिल पर लेकर अनाज मंडी आ रहे थे। तभी अनाज मंडी में नजदीक दुकान नंबर 906 के पास बलेनो कार एचआर-05एक्यू-7339 में सवार चार अज्ञात आरोपियों ने कार मोटरसाइकिल के आगे रोक दी और उनको पिस्तौल दिखाकर 18 लाख रुपए छीनकर ले गए। शिकायत के आधार पर थाना शहर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 और शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

**काबू**

**8 थाना शहर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 और शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था**

सीआईए वन की टीम से मामले में कार्यवाही करते हुए 2 जनवरी को विश्वसनीय सूचना पर आरोपी देवेंद्र सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह वासी हरीनगर कॉलोनी बहादुरगढ़ झज्जर और ब्रह्मप्रकाश पुत्र सूरत सिंह वासी प्रहलादपुर थाना खरखोदा सोनीपत को गन्नौर सोनीपत से गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से मामले में इस्तेमाल बलेनो कार और वह पल्सर मोटरसाइकिल जिसकी नंबर प्लेट वारदात के समय कार पर लगी हुई, दोनों को बरामद किया गया था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथी सुनील और प्रवेश वासी खरखोदा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया था, जिसमें रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से तीन लाख चालीस हजार रुपए बरामद किए थे। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी सुनील और प्रवेश वासी खरखोदा जिनकी गिरफ्तारी अभी बकाया है, को आश्रय देकर उनकी सहायता करने वाले दो आरोपियों अजय पुत्र नरेंद्र सिंह वासी खिड़वाली रोहतक और बलराज सिंह पुत्र भयराम वासी प्रहलादपुरा सोनीपत को प्रहलादपुरा से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वारदात करने वाले मुख्य आरोपी सुनील और प्रवेश को उन्होंने आश्रय देकर उनकी सहायता की थी। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में संलिप्त दोनों मुख्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

## मायके वालों ने लगाया दहेज के लिए हत्या का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के पधाना गांव में एक विवाहित महिला की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। ससुराल वालों ने कहा कि उसने फंदा लगाकर सुसाइड किया है। वहीं मृतका के मायका पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या करने के आरोप लगाए हैं। मायका वालों को विवाहिता का शव करनाल के अस्पताल में मिला। ससुराल पक्ष वाले घटना के बाद कल पूरा दिन फरार रहे। आज महिला के पोस्टमॉर्टम के दौरान ससुराल पक्ष के लोग अस्पताल में पहुंचे, जहां पर दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। पुलिस ने बीच में आकर दोनों पक्षों को शांत करवाया। विवाहिता का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। परिजन संजीव ने बताया कि



गांजबड़ निवासी 32 वर्षीय मुकेश की शादी 2016 में तरावड़ी के पधाना गांव के युवक के साथ हुई थी। मुकेश को एक छह वर्ष का बेटा भी है। मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन सीधी सादी थी और शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उनको फोन कर बताया गया कि बहन की तबीयत खराब है। जल्दी से अस्पताल आ जाएं।

संजीव ने बताया कि उसकी बहन का पति अय्याश किस्म का व्यक्ति है और सास व ससुर लालची हैं। वे बार-बार मोटरसाइकिल की डिमांड करते थे और उसकी बहन के साथ मारपीट की जाती थी, जिसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। पंचायत में तो मान जाते, लेकिन उसके कुछ दिन बाद फिर से वही हालात पैदा हो जाते।

आज जब मेडिकल कॉलेज के पोस्टमॉर्टम हाउस में विवाहिता का पोस्टमॉर्टम हो रहा था। उस दौरान मायके पक्ष व ससुराल पक्ष के लोगों के बीच काफी कहासुनी हुई। इसके बाद सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कर एक-दूसरे से अलग किया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया।

# एचपीए मधुबन में आज होगा एथिक्स कॉन्कलेव का आयोजन

## गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति, उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा** लोक प्रशासन संस्थान गुरूग्राम (हिपा) द्वारा मिशन कर्मयोगी हरियाणा कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी को दोपहर 2 बजे हरियाणा पुलिस एकेडमी मधुबन के हर्षवर्धन सभागार में आयोजित होने वाले एथिक्स कॉन्कलेव में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में हरियाणा के सीनियर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस तथा एचसीएस स्तर के करीब 361



अधिकारी शामिल होंगे।

उपायुक्त अनीश यादव ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने इस मौके पर एचपीए मधुबन से आईजी डॉ. राजश्री सिंह, एसपी करनाल शशांक कुमार सावन, मधुबन से एसपी पुष्पा खत्री के साथ तैयारियों को लेकर एक-एक बिंदू पर विस्तार से चर्चा की। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और स्टाफ की ड्यूटियां भी लगाई गई हैं।

**तैयारियां पूरी**

**8 कर्मचारियों के नैतिक प्रशिक्षण के लिए मिशन कर्मयोगी हरियाणा कार्यकम का संचालन किया जा रहा है**

बता दें कि हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान, गुरुग्राम (हिपा) मिशन कर्मयोगी हरियाणा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह कार्यक्रम 20 नवंबर, 2023 से शुरू किया गया था। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम मिशन कर्मयोगी हरियाणा (एमकेएच) का उद्देश्य हरियाणा सरकार के सभी कर्मचारियों और हित धारकों के साथ शासन में नैतिक व्यवहार, मूल्यों और सिद्धांतों के महत्व को सुदृढ़ करना है। हरियाणा सरकार द्वारा अपने 3 लाख से अधिक कर्मचारियों के नैतिक प्रशिक्षण के लिए मिशन कर्मयोगी हरियाणा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

## नैनो यूरिया की जबरी बिक्री को लेकर किसानों ने किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। यूरिया खाद** के साथ जबरी तौर पर किसानों को बेचे जा रहे नेनो यूरिया के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसको लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एक बार फिर किसानों ने एकत्रित होकर सीएम सीटी में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाकियू कार्यकताओं ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों के साथ नेनो यूरिया के नाम पर जबरी नहीं होने दी जाएगी। इससे पूर्व अर्जुन नगर स्थित दीनबंधू सर छोटूराम किसान भवन में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुमन व जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह बेनीवाल की अगुवाई में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। किसान पंचायत में भाकियू के प्रदेश सरंक्षक प्रेमचंद शाहपुर, प्रदेश संगठन मंत्री शाम सिंह मान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, हलका असंध प्रधान सण जोगिंद्र सिंह झींडा, इन्द्री हलका प्रधान दिलावर सिंह डबकोली, हलका घरोंडा प्रधान धनेतर राणा, महिला जिलाध्यक्ष नीलम राणा ने अपने विचार रखते हुए नेनों यूरिया की जबरी बिक्री पर जोरदार तरीके से विरोध जताते हुए कहा कि किसानों के साथ की जा रही जबरी का विरोध किया जाएगा।

किसान भवन से अपने वाहनों में सवार होकर किसान प्रदेश के कृषि एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक के कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर एकत्रित होकर कार्यालय परिसर में जोरदार नारेबाजी करते हुए नेनों यूरिया की जबरी बिक्री बंद किए जाने की मांग की। इसके उपरांत कृषि एवं कल्याण विभाग के एसडीओ दिनेश शर्मा व क्वालिटी कंट्रोल निरीक्षक सुनील बजाड़ को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि किसानों को यूरिया खाद के साथ खाद एजेंसियों व विक्रताओं द्वारा नैनों यूरिया सहित अन्य अनावश्यक दवाईयों की जबरी बिक्री की जा रही है। इस पर तुरंत रोक

# 'अब बेटा-बेटी में लोग नहीं करते अंतर'

## लोगों को बेटियों के प्रति किया जा रहा है जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** गांव ककराला में लिंगानुपात कम होने के चलते महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सर्कल सुपरवाईजर नेहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर ककराला की एमसी नीलम व वन स्टॉप सेंटर करनाल से काउंसलर यशोदा व आंगनवाडी वर्कर एवं हेल्पर भी मौजूद थी।

बैठक को संबोधित करते हुए सर्कल सुपरवाईजर नेहा ने कहा कि जिले में लिंगानुपात को लेकर अब लोगों की सोच में बदलाव आया और जागरुकता भी आई है। इसका नतीजा ये है कि अब साल दर साल लिंगानुपात में सुधार आता जा रहा है और बेटा-बेटी के बीच लिंगानुपात का अंतर कम होता जा रहा है। इस साल 2024 में और ज्यादा सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। अब लोगों की सोच में बदलाव आने की वजह से लोग बेटा-बेटी में अंतर नहीं मानते। इसके अलावा सरकार की तरफ से चल रही कन्या सुगम योजना और कन्या समृद्धि आदि योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

गर्भवती महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेना चाहिए।

समय-समय पर अपनी जांच करवानी चाहिए। इसके साथ ही लिंग परीक्षण पर रोक लगाया जाना भी इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। लोगों को बेटियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बेटियां अब हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही है।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। डीएसपी महिला** सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में टीम ने पंडित चिरंजीलाल राजकीय महाविद्यालय में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।

महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण



उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है।

टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। टीम ने छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि कॉलेज आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया।

महिला निरीक्षक ने कॉलेज की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती हैं।

# कुष्ठ आश्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य कैंप

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। महात्मा गांधी** की पुण्यतिथि को पूरे देश में कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला के इंदिरा चक्रवर्ती ग्राम कुष्ठ आश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नीरू शर्मा एसएमओ इंचार्ज अर्बन स्वास्थ्य केंद्र ने की। इस अवसर पर एसएमओ सहित पैरामेडिकल स्टाफ वंदना आर्य, फार्मासिस्ट राकेश आहूजा, एएनएम सपना व आशा वर्कर नीलम ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



डॉ. नीरू ने आश्रम में उपस्थित सभी लोगों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की तथा ज्यादा से ज्यादा कुष्ठ रोगियों की सहायता करने की शपथ दिलवाई। कुष्ठ आश्रम के निवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुष्ठ पीड़ितों को पहले से ही नजर के चश्मे, प्लास्टिक कवर्ड स्टील कप, टबए ब्रश, नी कैप, कमर की बेल्ट, साल में दो बार विशेष फुटवियर, रबड़ के दस्ताने, जुराब, बैसाखी तथा अन्य दवाइयां व सामग्री प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त भी आपकी जो स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं अथवा सामानों की आवश्यकता है, उनकी लिस्ट विभाग को सौंपे, ताकि कुष्ठ के कारण आने वाली विकलांगता आगे ना बढ़े। यदि किसी आश्रम निवासी कुष्ठ पीड़ित को घाव बने हुए हैं अथवा हाथ पैरों में सूजन है तो तुरंत उसका इलाज करवाएं और उन अंगों को आराम दें।

वंदना आर्य ने सभी को हिदायत दी की सर्दी दूर करने के लिए जो लोग आग जलाकर हाथ सेकते हैं, आग से दूर रहें क्योंकि ऐसे बहुत से कुष्ठ रोगी हाथ पैर सुन्न होने के कारण हाथ पैर जला लेते हैं। मेडिकल ऑफिसर्स इंचार्ज, शिव कॉलोनी डिस्पेंसरी डॉ. राहुल ने सभी को शुगर, बीपी को नियमित रखने के लिए सावधानियां बताई तथा स्वास्थ्य कैंप के अंतर्गत सभी मरीजों को जांच कर दवाइयां वितरण करवाई।


कैंप में लगभग 70 मरीजों की जांच की गई जिन्हें बुखार, खांसी, बीपी, शुगर, त्वचा संबंधी बीमारी के लिए दवाई वितरित की गई। ताकत की दवाइयां कैल्शियम, विटामिन, घाव के लिए बेटाडिन सोफ्रेमायकिन तथा अन्य ऑइंटमेंट उपलब्ध कराए गए। कुष्ठ रोग निवारण दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र ग्राम सभाओं तथा स्कूलों में भी कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने तथा जन सामान्य को जागरूक करने के लिए शपथ दिलवाई गई।

# बदमाशों ने घर के बाहर की हवाई फायर

**जांच जारी**

**8 आस पड़ोस के लोगों एकत्रित होते देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस मामले में जांच कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के छापर गांव में घर के बाहर हवाई फायर कर परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बदमाश कार में सवार होकर आए थे। घर पर एक नाबालिग बच्ची मौजूद थी। बदमाशों ने गोली चलाने के बाद चिल्लाकर धमकी दी कि उन



विशेष समुदाय के लोगों को कह देना आज तो बच गए, दोबारा आऊंगा तो गोली मार दूंगा। आस पड़ोस के लोगों एकत्रित होते देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

गांव छापर निवासी जलालुद्दीन अपने घर के पीछे बाड़े में घास काट रहा था। उस वक्त उसकी 10 वर्षीय पोती घर पर अकेली थी। जलालुद्दीन ने बताया कि 29 जनवरी की शाम करीब साढ़े 7 बजे उसके घर के सामने एक कार आकर रूकी। उसमें दो लोग सवार थे, जिसमें से एक ने गाड़ी से उतरकर घर के सामने हवाई फायर किया।

पोती अलिशा गोली की आवाज सुनकर घर से बाहर आई और उसने घर का दरवाजा खोला तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि आज तो बच गए, दोबारा आया तो गोली मार दूंगा। जलालुद्दीन ने बताया कि इस दौरान उसके घर के सामने वाले पड़ोसी ने भी अपना दरवाजा खोल लिया था और अन्य पड़ोसी भी एकत्रित होने लगे थे, जिन्हें देख आरोपी कार में बैठकर फरार हो गए।

## संपादकीय

# आत्मनिर्भरता राष्ट्र का गौरव

**"पराधीन स**पने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी।

हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी "दैव दैव आलसी" पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है।

# देश का सियासी नक्शा बदलेगा नीतीश का फैसला

आशीष वशिष्ठ

> "नीतीश कुमार के अरमान प्रधानमंत्री वाले ही थे। कहां वे इंडिया गठबंधन के अगुवा बन रहे थे, कहां बीजेपी के साथ गठजोड़ कर बैठे हैं। नीतीश कुमार 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ने जा रहे थे, लेकिन उनके रास्ते ही जुदा हो गए। देखने वाली बात यह है कि जिस बीजेपी को जमकर उन्होंने कुछ वर्षों से कोसा है, उसके साथ कितने दिन सरकार में रह सकते हैं। बहरहाल, नीतीश कुमार ने ऐसी सियासी पलटी मारी है, जिससे आरजेडी के साथ साथ पूरा इंडिया गठबंधन चित्त होता दिखाई दे रहा है। नीतीश का ये फैसला सिर्फ बिहार नहीं बल्कि पूरे देश का सियासी नक्शा बदलने वाला है"



**बिहार** में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हुआ है। मुख्यमंत्री नहीं बदले हैं, गठबंधन सरकार बदली है। नीतीश कुमार का राष्ट्रीय जनता दल से एक बार फिर मोहभंग हुआ है और पुराने सहयोगी एनडीए गठबंधन से टूटा प्यार, एक बार फिर जुड़ चुका है। कभी एनडीए, कभी महागठबंधन, तो कभी इंडिया... बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कब सियासी फायदे की खातिर पलटी मार लेंगे, इसका अंदाजा लगा पाना भी बिल्कुल वैसा ही है, जैसे रेत के मैदान में एक सुई को ढूंढना। करीब 2 साल तक पीएम नरेंद्र मोदी को कोसने वाले नीतीश को, मोदी के सहारे ही 24 की चुनावी नैया पार होती दिख रही है। नीतीश कुमार ने नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की षपथ ली है। वास्तव में बीजेपी और आरजेडी दोनों की मजबूरी नीतीश कुमार हैं, उनके बिना सरकार बनाने का ख्वाब कोई नहीं देख सकता। उन्होंने न तो बीजेपी को इस हाल में छोड़ा है, न तो आरजेडी को कि बिना नीतीश के सरकार बना लें। बिहार की राजनीति के पन्ने पलटे तो नीतीश कुमार ने बेमेल गठबंधन पहली बार 2014 में किया। वह जंगलराज सरकार के धुर विरोधी थे, उन्होंने आरजेडी से गठबंधन कर लिया। यह गठबंधन बहुमत से चुनाव जीत गया। साल 2017 में नीतीश का मोह गठबंधन से भंग हो गया। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ उन्हें पसंद नहीं आया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उन्होंने बीजेपी से नाता जोड़ लिया। साल 2019 का लोकसभा चुनाव, 2020 का विधानसभा चुनाव जेडीयू और बीजेपी ने साथ मिलकर लड़ा। जंगलराज सरकार का डर दिखाकर भी कुल 43 सीटें ही नीतीश बाबू हासिल कर सके। 2022 में बीजेपी फिर नीतीश कुमार को तानाशाह वाली पार्टी नजर आने लगी। नीतीश कुमार ने लालू परिवार के साथ मिलकर सरकार बनाई. तेजस्वी फिर डिप्टी बने। तेजस्वी ने वादा किया कि वे सरकारी नौकरियों की भरमार लगा देंगे। उन्होंने काम भी शुरू किया और क्रेडिट भी लेने लगे। नीतीश को यह रास नहीं आया और खटास बढ़ती गई। लंबे वक्त तक भाजपा के साथ गठबंधन में रहने वाले नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को पानी पी-पीकर कोसा था, इसके बाद लालू की पार्टी के साथ मिलकर वो बिहार में सरकार बनाते हैं, मुख्यमंत्री बनते हैं और देखते ही देखते एक बार फिर लालू से पीछा छुड़ाकर भाजपा को गले लगा लेते हैं। 2019 का आम चुनाव एनडीए में रहते हुए लड़ते हैं। फिर 2020 का विधानसभा चुनाव भी साथ में लड़ते हैं, जिसमें उनकी पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, बावजूद इसके वो फिर से सीएम बनते हैं। मगर न जाने क्यों, नीतीश कुमार ने पलटी मार ली और फिर से लालू के साथ चले गए।

अब एक फिर सीएम नीतीश ने साल 2017 वाला पलटीमार कांड दोहराया और उसी अंदाज मे लालू का साथ छोड़ भाजपा के साथ चले गए। बिहार की 40 सीटों पर हुए पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का बोलबाला रहा है। 2014 के चुनावी नतीजों में भाजपा ने अकेले 22 सीटें हासिल की थी, जबकि एनडीए गठबंधन ने 31 सीटें जीती थीं। हालांकि अगर 2019 के चुनावी नतीजों का जिक्र किया जाए तो 2014 की तुलना में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा था, मगर एनडीए गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। इस बार भाजपा के पास खुला मैदान था, जो नीतीश-लालू-कांग्रेस के साथ आमने सामने की लड़ाई लड़ती। मगर भाजपा को ये बात अच्छे से समझ आ रहा था कि अगर ऐसा होता है तो सबसे बड़ा नुकसान बिहार में झेलना पड़ सकता है।

यहां जातीय समीकरण का बोलबाला है और लालू-नीतीश की जोड़ी को मात दे पाना शायद भाजपा के लिए मामूली बात नहीं होगी। इसीलिए बिहार में भाजपा इस कोशिश में लगी थी नीतीश कुमार को अपने साथ लाया जाए। हां, ये बात जरूर है कि नीतीश के इस कदम से भाजपा को बड़ा फायदा होगा, जिसका उदाहरण 2019 का चुनाव है। नीतीश और मोदी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे, जिससे लालू की पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगेगा और शून्य की चिंता सताएगी। आरजेडी नहीं चाहेगी कि उसे पिछली बार की तरह हार झेलनी पड़े। नीतीश के पलटी मारने से इंडिया गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। भाजपा को इस बात का एहसास था कि अगर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद बिहार में एकसाथ चुनाव लड़ते हैं, तो साल 2015 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर 2024 के चुनाव में दिख सकता है। आपको याद दिला दें कि 2015 के नतीजों में आरजेडी को 80 सीटें, जदयू को 69 और भाजपा को सिर्फ 59 सीटें मिली थीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 22, लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 और राष्ट्रीय लोक समता दल ने तीन सीटें जीती थी।

ये तीनों दल एनडीए का हिस्सा थे। यूपीए में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने क्रमशः 4 और 2 सीटें जीती थी। जनता दल यूनाइटेड ने दो सीटें जीती थी। 2019 के आम चुनाव में एनडीए के बैनर तले बीजेपी, जेडीयू और लोक जनषक्ति पार्टी ने चुनाव लड़ा। और क्रमषः 17, 16 और 06 सीटों पर विजय हासिल की। महागठबंधन मेंषामिल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी को मात्र एक सीट पर जीत मिली। वो एक सीट पर कांग्रेस ने जीती थी। आंकड़ों को देखकर समझा जा सकता है कि नीतीश की पार्टी जेडीयू के लिए 2019 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ना जीवनदान की तरह था। नीतीश कुमार ये समझते हैं कि भाजपा का साथ उनके लिए बेहद फायदेमंद है। शायद इसी लिए उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल रहना रास नहीं आया। जो जेडीयू, कांग्रेस और आरजेडी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली था, वो अब ये मुकाबला आमने-सामने लड़ेगी। सन् 2024 के चुनाव से पहले बीजेपी बार-बार धोखा खाने के बावजूद नीतीश से हाथ मिला रही है।

भाजपा इस बड़ी लड़ाई के लिए एक-एक सीट जीतना चाहती है। उधर, नीतीश को आखिरकार समझ आ गया है कि उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा पूरी नहीं होने वाली है। वे अब सम्मान के साथ राजनीति के नाव से उतरकर घाट पर आराम करने के मूड में हैं। सन् 2025 का विधानसभा चुनाव उनका अंतिम चुनाव है। शायद वे उसमें चेहरा ही न हों। वे चाहेंगे कि उनकी पार्टी तब तक अपना वजूद कायम रखे। यह सारी भाग-दौड़ और पलटीबाजी उसी के लिए है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के बाद बड़ी लहर बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। नीतीश कुमार भी ये बखूबी समझते हैं कि ये ऐसा जनसमर्थन है जिससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता है। वहीं, कपूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान देकर भी बीजेपी ने ओबीसी वोट पर बड़ी चोट की है। मोदी सरकार के लिए ये बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसीलिए नीतीश भी मोदी की तारीफ में ना केवल कसीदे पढ़ते हैं, बल्कि परिवारवाद पर हमला भी करते नजर आते हैं।

नीतीश कुमार के अरमान प्रधानमंत्री वाले ही थे। कहां वे इंडिया गठबंधन के अगुवा बन रहे थे, कहां बीजेपी के साथ गठजोड़ कर बैठे हैं। नीतीश कुमार 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ने जा रहे थे, लेकिन उनके रास्ते ही जुदा हो गए। देखने वाली बात यह है कि जिस बीजेपी को जमकर उन्होंने कुछ वर्षों से कोसा है, उसके साथ कितने दिन सरकार में रह सकते हैं। बहरहाल, नीतीश कुमार ने ऐसी सियासी पलटी मारी है, जिससे आरजेडी के साथ साथ पूरा इंडिया गठबंधन चित्त होता दिखाई दे रहा है। नीतीश का ये फैसला सिर्फ बिहार नहीं बल्कि पूरे देश का सियासी नक्शा बदलने वाला है।

## कविता

### भारत बोल रहा है

बोल रहा है भारत अपना मैं अविचल और अविनाशी हूँ।
क्या मजाल रे मिटाने वाले मैं अविचल अविनाशी हूँ ।।

अस्तित्व मेरा तब भी था जब तेरा कोई पता नहीं ।
अस्तित्व मेरा तब होगा जब तेरा कोई पता नहीं ।।

एक समय तब एक दुष्ट मुझे सागर में डूबाने आया था ।
फिर वराह रूप उस विष्णु ने मुझको फिर तारा था ।।

फिर तेरी क्या औकात रे पापी तुम भर रहा अपना पाप घड़ा ।
नरसिंह रूप फिर आएंगे फोड़ेंगे तेरा पाप घड़ा।।

रावण से तुम बड़ा नहीं फिर उसका भी तो हुआ अंत ।
अब तुम अपने दिन गिनो होना भी है तेरा भी अंत ।।

दुष्ट और दंभी तब भी थे जब श्री कृष्ण लिए थे अवतार।

कमलेश झा

# एआई रियल एस्टेट बाजार को बदल देंगे

विजय गर्ग

**आभासी** वास्तविकता और एआई रियल एस्टेट बाजार को बदल देंगे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स रियल एस्टेट पेशेवरों को कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि और पूवानुमानित विश्लेषण के साथ सशक्त बना रहे हैं रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का एकीकरण नवाचार और दक्षता के एक नए युग की शुरूआत कर रहा है। जैसे-जैसे डिजिटल परिवर्तन में तेजी आ रही है, उभरती प्रौद्योगिकियाँ संपत्ति परिदृश्य को नया आकार देने के लिए तैयार हैं, जो पूरे उद्योग में हितधारकों के लिए अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती हैं। वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) प्रौद्योगिकियां संपत्ति देखने के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। इमर्सिव वर्चुअल टूर और इंटरैक्टिव फ्लोर प्लान की पेशकश करके, ये प्रौद्योगिकियां संभावित खरीदारों और किरायेदारों को दूर से संपत्तियों का पता लगाने में सक्षम बनाती हैं, जिससे बाजार तक पहुंच बढ़ती है और ग्राहक जुड़ाव बढ़ता है। 2024 में, वीआर और एआर एप्लिकेशन व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करते हुए तेजी से परिष्कृत हो जाएंगे। ब्लॉकचेन और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्टः ब्लॉकचेन तकनीक और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाकर संपत्ति लेनदेन में बदलाव ला रहे हैं। अपरिवर्तनीय डिजिटल रिकॉर्ड बनाकर और अनुबंध निष्पादन को स्वचालित करके, ये प्रौद्योगिकियाँ धोखाधड़ी के जोखिमों को कम करती हैं और संप्रेषण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती हैं। आने वाले वर्षों में, ब्लॉकचेन और स्मार्ट अनुबंधों को अपनाना अधिक व्यापक हो जाएगा, जिससे निर्बाध, सुरक्षित और लागत प्रभावी रियल एस्टेट लेनदेन सक्षम हो जाएगा। एआई और डेटा एनालिटिक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा एनालिटिक्स रियल एस्टेट पेशेवरों को कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि और पूवानुमानित विश्लेषण के साथ सशक्त बना रहे हैं। बाजार के रुझानों का विश्लेषण करके, निवेश के अवसरों की पहचान करके और संपत्ति प्रबंधन प्रक्रियाओं को अनुकूलित करके, एआई-संचालित समाधान निर्णय लेने की क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं और परिचालन उत्कृष्टता बढ़ा रहे हैं। जैसे-जैसे एआई एल्गोरिदम अधिक उन्नत होते जा रहे हैं और डेटा एनालिटिक्स उपकरण अधिक परिष्कृत होते जा रहे हैं, इन प्रौद्योगिकियों का एकीकरण रियल एस्टेट उद्योग के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा। निष्कर्ष में, 2024 में प्रौद्योगिकी और रियल एस्टेट का संलयन केवल एक प्रवृत्ति नहीं है बल्कि एक भूकंपीय बदलाव है जो संपत्ति लेनदेन और अनुभवों के सार को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। यह परिवर्तनकारी यात्रा कई आयामों में सामने आती है, जिनमें से प्रत्येक नवाचार, दक्षता और अवसर का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है। सबसे आगे, वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) संपत्ति की खोज में क्रांति ला रहे हैं, भौतिक दूरी की सीमाओं को पार कर रहे हैं।

## विचार

# हवा हवाई साबित हुए विपक्षी एकता के दावे

राजेश माहेश्वरी

**लोकसभा चु**नाव-2024 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सत्तारूढ़ दल के साथ ही विपक्षी पार्टियां भी अपने-अपने स्तर पर रणनीतियां बनाने में जुट गई हैं। चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की कवायद के तहत इंडिया गठबंधन का गठन किया गया। इससे पहले कि इंडिया गठबंधन उड़ान भर पाता, उसकी हवा निकाल दी गई। बड़ा सवाल यह उठता है कि विपक्षी दलों का गठजोड़ चुनाव से पहले ही क्यों धराशायी होता दिख रहा है? इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा जब जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल का दामन तोड़ते हुए भाजपा के साथ हाथ मिला ली। बिहार में नीतीश कुमार की नई सरकार बन चुकी है। इंडिया गठबंधन में मुख्य सूत्रधार रहे नीतीश कुमार ने विपक्षी गठबंधन को यूं ही अलविदा नहीं कहा है। दरअसल विपक्षी गठबंधन इंडिया के बिहार में बिखराव के लिए राष्ट्रीय जनता दल से ज्यादा कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है। बदले हालात में कांग्रेस ने नीतीश को खलनायक के रूप में परिभाषित किया है, लेकिन इसके लिए अंदर की राजनीति भी कम जिम्मेदार नहीं है। विपक्षी एकता की पहल नीतीश ने ही की थी और अंत का प्रारंभ भी उन्होंने ही किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चाहे जो आरोप लगाएं, मगर सच्चाई यह भी है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के बिहार में बिखराव के लिए राजद से ज्यादा कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है। उसने प्रत्येक कदम पर जदयू समेत तमाम क्षेत्रीय दलों की अनदेखी की। आजादी के बाद से देष की राजनीति में गठबंधन बनने और टूटने का लंबा इतिहास रहा है। इस बार इंडिया का प्रयोग कुछ भिन्न और व्यापक लग रहा था, लेकिन दो अलगाव ऐसे घोषित किए गए हैं कि विपक्षी गठबंधन की संभावनाएं प्रभावहीन लगती हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने इंडिया का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं अंतिम हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। विपक्षी गठजोड़ में कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सही मायने में राष्ट्रीय है। इंडिया गठबंधन में शामिल दल का अस्तित्व एक प्रदेश के बाद दूसरे में कहीं नहीं दिखता है, लेकिन कांग्रेस की मौजूदगी कई प्रदेशों में है। इसे देखते हुए गठबंधन में शामिल दल कांग्रेस पर सीट बंटवारे को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे। इसके बावजूद कांग्रेस की ओर से कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया जा रहा है। अब इंडिया में बिखराव देखने को मिल रहा है। शहर बदल-बदल कर कांग्रेस ने अपने नेतृत्व में संयुक्त विपक्ष की पांच बैठकें कीं मगर नतीजा सिफर ही रहा। न सीटें बंटीं और न ही साझा घोषणा पत्र पर काम आगे बढ़ा। नीतीश कुमार की एक बात नहीं मानी गई। विपक्षी गठबंधन का उन्होंने इंडिया के बदले भारत नाम सुझाया मगर उसे खारिज कर दिया गया। बिहार की तरह राष्ट्रीय स्तर पर जातिवार गणना कराने का जिक्र तक करना भी जरूरी नहीं समझा गया। दरअसल, विपक्षी एकता के प्रथम प्रयास के साथ-साथ बिखराव का प्लॉट भी तैयार होता गया। जनता दल यूनाइटेड का आरोप है कि कांग्रेस की नीयत में प्रारंभ से ही खोट था। तभी तो पटना में गत वर्ष 13 जून को प्रस्तावित संयुक्त विपक्ष की पहली बैठक में राहुल गांधी एवं खरगे ने जाने से आनाकानी की तो इसे 23 जून करना पड़ा। बिहार में भाजपा का साथ छोड़कर नीतीश ने 10 अगस्त 2022 को राजद व कांग्रेस समेत सात दलों की सरकार बनाई थी और उसी दिन संकेत दिया था कि कांग्रेस को साथ लेकर विरोधी दलों का मोर्चा बनाएंगे। कांग्रेस को अलग करके तीसरे मोर्चे की तैयारी में जुटे क्षेत्रीय दलों से नीतीश ने देवीलाल की जयंती पर हरियाणा के फतेहाबाद में 25 सितंबर 2022 को हाथ जोड़कर आग्रह किया था कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव नहीं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दिन भर नहीं फैलेगा आपकी आंखों का काजल

शहनाज हुसैन

**कहीं भी** जाना हो घर से निकलते हुए मेकअप करना तो जरूरी है लेकिन मेकअप करने के लिए आपको सही तकनीक को समझना भी बेहद जरूरी होता है अन्यथा गलत तरीके से मेक अप करने से आपका हुलिया बिगड़ जाता है। रोजाना की बात करें तो हम ज्यादातर हल्के.फुल्के मेकअप में काजल और लिपस्टिक को लगाना पसंद करते हैं। आंखों में काजल लगाने का शौक अधिकतर महिलायें रखती हैं क्योंकि हल्का सा काजल लगाने के बाद आंखें बेहद खूबसूरत दिखने लगती हैं और चेहरे की खूबसूरती को चार चाँद लगा देती हैं / अगर आप पार्टी में जा रही हैं तो ऐसे में तो आपके लिए मकेअप करना और भी जरूरी हो जाता हैऔर हल्का सा काजल आपके लुक को कमाल का बना सकता है लेकिन कई बार काजल इस्तेमाल के बाद चेहरे पर फैल जाता है और पूरा लुक ही खराब हो जाता है जिसकी बजह से अनेक महिलायें इसे लगाने से बचती हैं / जिनकी आंखों से ज्यादा पानी आता है उनका काजल तो स्मज हो ही जाता है साथ ही साथ समान्यता भी 1--.2 घंटे बाद काजल फैलने का डर बना रहता है। अगर आप भी इस तरह की समस्?या से जूझती हैं तो कुछ मेकअप टिप्?स अपनाकर आप घंटों आपके मेकअप को स्?मज फ्री रख सकती हैं/ ये काफी आसान और असरदार तरीके हैं/ 1 ----- काजल लगाने से पहले अपनी आंखों के नीचे की स्किन पर फाउंडेशन या कंसीलर लगाएं और इसके सेट होने के बाद इस पर काजल लगाएं। उसके बाद पाउडर का इस्तेमाल करना न भूलें। ये आपकी स्किन को ऑइली होने से बचाएगाए जो काजल को एक जगह बिना स्मज हुए टिके रहने में मदद करेगा। फेस पाउडर का टच.अप भी ऑइल को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकता है । इसे तीन.चार घंटे में दोबारा अप्लाई किया जा सकता है। ये आपकी आंखों के नीचे फैलने वाले काजल को रोकेगा जिससे परफेक्ट लाइन दिखेगी। ठंडे पानी में कॉटन बॉल्स को डिप कर- के आंखों पर रखें / यह आपकी आईलिड के आसपास के एरिया के ऑइल को बैलेंस करने में मदद करेगाए जिससे काजल बिना स्मज हुए आपकी आंखों पर बना रहेगा।।

# सब बोलने की बातें हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**एक सम**य था जब झूठ बोलने पर कौवा काटता था। हो न हो यह कौआ अवश्य महात्मा गांधी जी का होगा। वरना इंसान को काटने की हिम्मत किसमें है। वैसे पर्यावरण परिवर्तन के चलते महात्मा गांधी वाले कौए तो कब के लुप्त हो गए। अब जो बचे हैं वे झूठ बोलने पर नहीं सच बोलने पर काटते हैं। इसीलिए लोग सच बोलने से डरते हैं। सच बोलकर कौन मूर्ख बेमतलब का टिटिम्मा पालेगा। सच बोलकर दूसरों को दूर करने से अच्छा है झूठ बोलकर उनके गले काटना। इस तरह गला काटने पर खून का रंग लाल हो न हो लेकिन स्वाद मीठा होता है। यदि ऐसा न होता तो आए दिन इतने गले कट रहे हैं, क्या वह बिना स्वार्थ वाले मीठे स्वाद का होता। आइंस्टीन ने महात्मा गांधी को हांड-मांस का चलता हुआ क्रांतिकारी महापुरुष बताया। उनकी बात मुझे तब सच लगी जब मैंने मुन्ना भाई एमबीबीएस और मुन्ना भाई लगे रहो में गांधीगिरी को देखा। गांधीगिरी के नाम पर टिकट खिड़कियों पर इतनी भीड़ उमड़ी कि एक बार के लिए लगा हो न हो गांधी जी फिर से वापस आ गए हैं। दो फिल्मों को छह घंटे देखकर छह सेकंड में गांधी जी को भुला देने वाली पब्लिक उनके सिद्धांतों को पुड़िया बनाकर पैरों तले कुचलने में आज की दुनियादारी समझती है। क्या होता अगर सच में गांधी जी के सिद्धांतों पर यह देश काम करता? इसमें सोचने वाली बात क्या है। स्वतंत्रता 1947 में मिली। हम वहीं के वहीं रहते। वह तो शुक्र मनाओ कि गांधी जी 30 जनवरी 1948 को जबरन इस दुनिया से चल बसे। तभी तो हम उनकी याद में असत्य, अहिंसा, अधर्म, अन्याय का सफलतापूर्वक पालन करते हुए यहाँ तक पहुँचे हैं। सच बोलने वाले, धर्म का पालन करने वाले, न्याय का पक्ष धरने वाले, अहिंसा की बातें करने वाले आदमखोर शेर से भी खतरनाक माने जाते हैं। इसीलिए इन्हें जेल में बंद कर दिया जाता है या फिर राष्ट्रविरोधी कहकर उन पर गद्दार का ठप्पा लगा दिया जाता है। अब तो हर जगह झूठ का बोलबाला है साहब। पैंतीस-चालीस रुपए में पेट्रोल देने के नाम पर सरकार बनाने वाले सौ रुपए में पेट्रोल बेचते हैं। कभी गैस सिलेंडर इतने महंगे थे कि एक महान संस्कृति की पक्षधर अम्मा संसद के सामने गलाफाड़ गृहिणी के रूप में सरकार को हिला देती थीं।

## न्यूज फ्लैश

### तहसील कैंप स्कूल में करवाई गई ऊर्जा सरंक्षण प्रतियोगिता

पानीपत/कमाल हुसैन

**मंगलवार** को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप पानीपत में ऊर्जा सरंक्षण विषय पर प्रतियोगिता करवाई गयी जिस में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने ऊर्जा सरंक्षण पर पेंटिंग बना कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र सिंह, परियोजना अधिकारी राजेश हुड्डा व सहायक परियोजना अधिकारी सुमीर राठी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दे कर बच्चो को सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र भी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र ने बच्चो को ऊर्जा सरंक्षण हेतु विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने भी बच्चो को ऊर्जा बचाने का महत्व बताया। इस प्रतियोगिता में नीरज, रविंद्र शमशेर सिंह, सीमा, प्रवीन, संजीव व स्कूल का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। मंच का संचालन हिंदी अध्यापक रमेश कुमार द्वारा किया गया।

### लिटल एंजल्स स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने एस.जी.एफ.आई. लॉन टेनिस चैंपि. में जीते पदक



**सोनीपत:** 20 जनवरी से 26 जनवरी तक तमिलनाडु में आयोजित एस.जी.एफ.आई. लॉन टेनिस चैंपियनशिप बालक वर्ग अंडर-19 में लिटल एंजल्स स्कूल के अरनत्या व अर्जुन राठी ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गुजरात की टीम को 6-2, 6-2 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही अर्जुन राठी ने एकल वर्ग के फाइनल मैच में कर्नाटक के खिलाड़ी को 6-3, 6-3 स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ ही कुल 3 स्वर्ण पदक लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने नाम किये। खिलाड़ियों की इस स्वर्णिम जीत पर उनके अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन व खेल प्रशिक्षकों को इस जीत का श्रेय देते हुए अत्यधिक खुशी जताई। प्रतियोगिता में देश भर से 23 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी शानदार खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

### तम्बाकू नियंत्रण नीति सेहतमंद राष्ट्र का निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है: नाडा इंडिया



**शिमला:** आगामी 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये पेश किये जाने वाले अंतरिम केंद्रीय बजट के मद्देनजर तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत नाडा इंडिया फाऊंडेशन एवम देश भर के अर्थशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों व युवा वर्ग सहित तंबाकू निषेध की दिशा में प्रयासरत संगठनों ने तंबाकू उत्पादों पर नया हैल्थ टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा है। विगत एक दशक से नाडा इंडिया तंबाकू मुक्ति के लिए प्रयासरत है। तंबाकू एवं उससे जुड़े उत्पादों के खिलाफ जन समर्थन जुटा रहा है। नाडा इंडिया की पुरजोर मांग है कि तंबाकू पर हेल्थ टैक्स लगाकर बाजार में बिकने वाले तम्बाकू उत्पादों पर अंकुश लगाया जा सके। नाडा इंडिया के संस्थापक व कर्मवीर पुरस्कार विजेता सुनील वात्स्यायन के अनुसार कोविड काल के बाद देश की आर्थिक दशा में सुधार लाने की दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकारों का अहम योगदान है। नाडा यंग इंडिया के माध्यम से हम तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने की मांग करते हैं। इससे राजस्व में ईजाफा होने के साथ साथ विशेषकर देश के युवाओं को तंबाकू से दूर रखने का सपना साकार होगा। सेहतमंद राष्ट्र की नींव रखने में यह महत्वपूर्ण है। इस दिशा में विगत वर्ष हिमाचल प्रदेश सरकार ने तंबाकू उत्पादों में टेक्स बढ़ाकर देश के अन्य राज्यों के लिये एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया था। सुनील वात्स्यायन ने बताया कि नाडा इंडिया द्वारा पेश किये सुझावों पर संज्ञान लेते हुये वित्त मंत्रालय द्वारा किये गये पत्राचार में बताया गया था कि संबंधित विभाग से विचार विमर्श कर इस दिशा में सार्थक कदम उठाये जायेंगें। बजट से पूर्व संबंधित कार्यक्षेत्र में प्रयासरत संगठनों की उम्मीदें एक बार फिर से जागी है। तंबाकू उत्पादों पर नए हेल्थ टेस्ट की जोरदार मांग कर रहे हैं। सुनील वात्स्यायन का मत है कि तंबाकू से संबंधित बीमारियों का बोझ और इसमें आ रही आर्थिक लागत चिंताजनक है।

# 'मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा हरियाणा'

## कुरूक्षेत्र में चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर बोले नायब सैनी: कार्यकताओं का संकल्प दिलाएगा प्रचंड जीत



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरूक्षेत्र(दलबीर मलिक) कुरूक्षेत्र में** लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रदेश की जनता मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री की शपथ लेते देखने के लिए उत्साहित है। मंगलवार को कुरूक्षेत्र कार्यालय के शुभकामनाएं अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के संबोधन से पहले उपस्थित लोगों ने बड़ी स्क्रीन पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब के संबोधन को भी सुना। मुख्यमंत्री अंबाला से और प्रदेश प्रभारी फरीदाबाद से संबोधित कर रहे थे, जिन्हें कुरूक्षेत्र में भी सुना।मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों से जनता उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग इन 10 सालों में जो भी योजनाएं चलाई उसका सवाया करके जनता के बीच भेजने का काम मनोहर सरकार ने किया है। श्री सैनी ने कहा कि मनोहर सरकार की गुड गर्वनेंस की चर्चा पूरे देश में होती है। हरियाणा में मनोहर सरकार ने बिना पर्ची और खर्ची के युवाओं को रोजगार दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों और जनता के आशीर्वाद तथा कार्यकताओं के दम पर तीसरी बार केंद्र में मोदी और हरियाणा में मनोहर सरकार बनना तय है।इस अवसर पर प्रदेश सचिव राहुल राणा, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष रवि बतान, कैथल जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन कैलाश भगत, वाइस-चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच, पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, मुख्यमंत्री के सलाहकार भारतभूषण भारती, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य साहिल सुधा, जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर, जिला महामंत्री जसविन्द्र सैनी, सर्बजीत विर्क, प्रदेश सचिव अनुसूचित मोर्चा रामपाल पाली, जिला उपाध्यक्ष महेश परचा, पूर्व मंत्री देवेन्द्र शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी मेम्बर विनीत क्वात्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंदर सांगवान, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, दिवाकर, सतबीर मंगोली, नवाब सिंह संधू, एडवोकेट विनीत बजाज, मण्डल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, विजय कम्बोज, सोशल मीडिया प्रमुख राहुल शर्मा, गुलशन सैनी, अनुमाल्यान, विजयलक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।

# राघव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**एससीईआरटी** गुरुग्राम द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023 में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के छात्र राघव ने परिवहन एवं संचार उप विषय में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। छात्र राघव तथा गाइड शिक्षिका डॉ सविता को एससीईआरटी के निदेशक सुनील बजाज ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गाइड शिक्षिका डॉ सविता ने बताया कि राघव ने परिवहन एवं संचार ने आधुनिक तथा सुरक्षित परिवहन शीर्षक पर मॉडल प्रस्तुत किया था जिसमें राघव ने परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ तथा सुरक्षात्मक बनाने के दृष्टिगत मॉडल प्रस्तुत किया तथा अब वह राष्ट्रीय स्तर पर अपना मॉडल प्रस्तुत करेगा। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने राघव तथा उसकी गाइड शिक्षक डॉक्टर सविता तथा विद्यालय प्राचार्य डॉ सचिंद्र कोरा को बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा उनमें सृजनशीलता का गुण विकसित करना है। डॉ कौशिक ने बताया कि राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में मुख्य विषय "समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी" तथा उप विषयों में स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए जीवन शैली, कृषि, संचार एवं परिवहन तथा कंप्यूटेशनल सोच शामिल किए गए हैं। डॉ कौशिक ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनियों के माध्यम से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार का गुण विकसित करना है।

### 'लोकसभा चुनाव से पहले 50 हजार भर्तियां करें अपनी जुबान के अनुसार सीएम'

**जयहिंद** सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द ने एक साल पहले बेरोजगारों की स्मायाओ जैसे हरियाणा पुलिस, एचटेट आदि की रुकी हुई भर्तियों व नई भर्तियां करने को लेकर हजारों बेरोजगारों के साथ रोहतक में बेरोजगारों की बारात निकाली थी। जिसके बाद सरकार ने 65 हजार नौकरी देने का वादा किया था। जयहिंद ने चेतावनी देते हुए कहा की ये भर्तियां लोकसभा चुनाव से पहले ही करवाई जाए कहीं ऐसा न हो की इन भर्तियों को सरकार विधानसभा चुनाव तक लेकर जाए। जयहिन्द ने बताया कि 8 साल पहले भाजपा नेता ओम प्रकाश धनखड़ कहते घूमते थे।

# सड़क हादसे में घायल आरोपित कार चालक की हालत गंभीर, निजी अस्पताल से दिल्ली रेफर

## पुलिस ने हादसे में मृत दो नेपाली के शवों को परिजनों को सौंपापुलिस ने हादसे में मृत दो नेपाली के शवों को परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मामा-भांजा चौक पर सड़क हादसे में घायल आरोपित कार चालक की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल से दिल्ली के अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं सोमवार को पुलिस ने हादसे का शिकार हुए दो वेंटर के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायल नेपाल निवासी के बयान पर कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया हुआ है।

**मुकदमा**

**8 पुलिस ने घायल नेपाल निवासी के बयान पर कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया**

यह था मामला- ओखल डूंगा नेपाल हाल में सारंग रोड हरियाणा टेंट हाउस निवासी दिल बहादुर मगर ने गत 28 जनवरी को शिकायत देकर बताया था कि वह वेटर का काम करता है। रात करीब 12.15 बजे खिला बहादुर (50) निवासी नेपाल, दल बहादुर (45) निवासी तारा नगर व कुम्हार बहादुर (40)निवासी डूंगा नेपाल के साथ साइकिलों पर जागृति धाम से काम निपटाकर वापिस कमरे पर लौट रहे थे। उनके साथ अर्जुन सुनवार (24) गांव हरिवन नेपाल हाल तारानगर अपनी स्कूटी पर सवार होकर साथ आ रहा था। जब वह सभी मामा-भांजा चौक के पास स्थित मैमोरियल अस्पताल के सामने पहुंचे। उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आई ईको स्पोर्ट्स गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद गाड़ी चालक उन्हें कुचलते हुए आगे दीवार से जा टकराया। हादसे में साइकिल व स्कूटी सवार सभी घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

### एएसपी का तबादला होते ही फिर होने लगा रेलवे रोड पर अतिक्रमण

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**शहर के** रेलवे रोड पर दुकानदारों व रेहड़ी फड़ी वालों ने फिर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है जिससे बाजार में जाम लगना शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि रेलवे रोड पर अतिक्रमण की शिकायतों को देखते हुए करीब एक माह पहले समालखा के तत्कालीन एएसपी मंयक मिश्रा ने एसडीएम अमित कुमार के साथ रेलवे रोड सहित बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था तथा दुकानदारों व रेहड़ी पटरी वालों को कार्यवाही करने की चेतावनी दी थी। प्रशासन की इस कार्रवाई का बाजार में असर भी देखा गया। लेकिन इसी बीच एएसपी मंयक मिश्रा का तबादला हो गया।अब फिर से धीरे-धीरे दुकानदारों के साथ साथ फल और सब्जियां बेचने के लिए रेहड़ी फड़ी वाले सड़क पर दिखने लगे हैं। बाजार में सर्विस रोड पर रेहड़ी व दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते दोपहर करीब दो से तीन बजे तक जाम जैसी स्थिति रहने लगी है। जाम के चलते वाहन चालक आपस में दो-चार होते रहते है। जाम का मुख्य कारण ईको गाड़ी और शहर में सैकड़ों की संख्या में घूम रही बैटरी रिक्शा है। दोपहर दो बजे के करीब स्कूलों की छुट्टी होने के समय बाजार में एक स्कूली बसों की संख्या बढ़ जाती है।

# जीएमएन कॉलेज में बापू गांधी को दी श्रधांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गांधी मेमोरियल** नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी द्वारा कॉलेज परिसर में गांधी जी की शहादत दिवस पर शिक्षकों, गैर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मौन व्रत रखा गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि महात्मा गांधी जी अहिंसा एवं सत्य के पुजारी ही नहीं अपितु सत्य की साक्षात मूर्ति थे। उनके जीवन से हमें प्रेरणा एवं ऊर्जा लेनी चाहिए। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ धर्मवीर ने बताया कि गांधी केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व में स्थापित हैं। उनके स्मारक प्रदेश देश की शोभा बढ़ा रहे हैं। गांधी जी ने पूरे दम खम के साथ अंग्रेजों के उपनिवेशवाद साम्राज्य को ध्वंस किया। हम सभी को गांधी जी की चर्या से बहुत कुछ सीखना है। विनम्रता, विवेक, सादगी, प्रचंड बुद्धि गांधी जी के चारित्रिक गुण थे और इन्हीं के बल पर उन्होंने पूरे विश्व में अपनी ख्याति अर्जित की। इस अवसर पर डॉ सीमा कंसल, डॉ.सुरेंद्र नैन, डॉ भाटला, डॉ कुलदीप, डॉ शिखा जग्गी, डॉ.मीनू राठी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# 'आम लोगों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस लड़ रही है लड़ाई'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**करनाल** में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हर घर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस अभियान के तहत कार्यक्रम करनाल में चेयरमैन तेजबीर सिंह के निवास पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आगाज करनाल शहर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक खुराना ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा के पुत्र चाणक्य शर्मा उपस्थित थे। अशोक खुराना ने कहा कि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह का संदेश लेकर घर-घर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लोग कांग्रेस के राज का इंतजार कर रहे हैं। 2024 में भाजपा सरकार की विदाई नियत है। आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि लड़ाई लोगों को न्याय दिलाने के लिए लड़ी जा रही हैं।

# ऑनलाइन/ऑफलाइन (12 बीबी फार्म) जमा करने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई गई

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला** खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए, पुरानी आयकर व्यवस्था के तहत पेंशनभोगी द्वारा अस्थायी बचत की ऑनलाइन घोषणा और उसके प्रमाण (12बीबी फार्म) जमा करने के लिए ई-पेंशन प्रणाली के तहत एक मॉड्यूल विकसित किया गया है। यह विकल्प व े ब ा प ा े ज एचटीटीपीएस://ईपेंशनएचआरवाईड ॉटएनआईसीडॉटइन/ पर दिए गए पेंशनभोगी लॉगिन के तहत उपलब्ध है, जिसमें पेंशनभोगी यूजर-आईडी के रूप में पीपीओ नंबर/यूनिक कोड (यूसीपी) और अपनी जन्मतिथि का उपयोग करके लॉगिन कर सकते हैं। पेंशनभोगी वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल से 30 जून के बीच पेंशनभोगी के लॉगिन में ऑनलाइन प्रदान किए गए 1288 फार्म के तहत अपनी बचत की घोषणा कर सकते हैं और उन्हें 1 जनवरी से 10 जून तक उपर्युक्त मॉड्यूल के माध्यम से बचत का प्रमाण पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना होगा। जो पेंशनभोगी अपनी लॉगिन आईडी के माध्यम से अपनी बचत घोषित/अपलोड करने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए ट्रेजरी/उप-कोषागार के स्तर पर समान प्रावधान दिया गया है ताकि टीओ/एटीओ पेंशनभोगियों द्वारा जमा की गई बचत की घोषणा और उसके प्रमाण अपलोड कर सकें। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर पेंशनभोगी द्वारा बचत का प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जाता है।

**सेवा**

**8 एचटीटीपीएस://ईपेंशनएचआरवाईडॉटएनआईसीडॉटइन/ पर दिए गए पेंशनभोगी लॉगिन के तहत उपलब्ध है**

### सभी उपमंडलों में 9 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत: सीजेएम

**सोनीपत:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 9 मार्च को सोनीपत स्थित न्यायिक परिसर सहित सभी उपमंडलों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार मान ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।

# अग्निवीर वायु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

## ऑनलाइन पंजीकरण 6 फरवरी तक किए जा सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भारतीय** वायु सेना ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 6 फरवरी तक किए जा सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित होगी। पात्र उम्मीदवार पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉट सीडैक डॉट आईएन पर लॉगिन कर सकते हैं। उम्मीदवारों का जन्म 2 जनवरी, 2004 से 2 जुलाई, 2007 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) होना चाहिए।

डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसार विज्ञान विषय के उम्मीदवारों के लिए केंद्रीय/राज्य/सरकार द्वारा अनुमोदित शिक्षा बोर्डों से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट/10+2 समकक्ष परीक्षा कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो या केंद्र/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रोनिक्स/ऑटोमोबाइल/कंप्यूटर साइंस/इंस्ट्रमेंटेश टेक्नोलॉजी/ इंफॉर्मेशन/ टेक्नोलॉजी) कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ और डिप्लोमा कोर्स (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन) में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण, यदि अंग्रेजी कोर्स में विषय नहीं है या गैर-व्यावसायिक विषय के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठयक्रम उत्तीर्ण। केंद्रीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से भौतिक विज्ञान और गणित में कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों के साथ और वोकेशनल कोर्स में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, अगर अंग्रेजी वोकेशनल कोर्स में एक विषय नहीं है) होने चाहिए। विज्ञान विषयों के अलावा के उम्मीदवारों के लिए केंद्रीय/ राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से किसी भी स्ट्रीम/ विषयों में इंटरमीडिएट/10+2 समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, जिसमें कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में अगर अंग्रेजी वोकेशनल कोर्स में एक विषय नहीं है) या गैर-व्यावसायिक विषय के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण हो, को केंद्रीय /राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों के साथ और वोकेशनल कोर्स में 50 प्रतिशत अंक (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, अगर अंग्रेजी वोकेशनल कोर्स में एक विषय नहीं है) होने चाहिए।

**आमंत्रण**

**8 पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉट सीडैक डॉट आईएन पर लॉगिन कर सकते हैं**

# बिजली वितरण निगम समालखा में तीसरे दिन भी किया प्रदर्शन

## प मंडल अधिकारी से मिलने गया उपमंडल अधिकारी समालखा का रवैया बातचीत का गलत था



**समालखा/कुलदीप सिंह**

**समालखा कार्यकारी** अभियंता वह उपमंडल अधिकारियों उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम समालखा में सब यूनिट समालखा ने तीन दिन का प्रदर्शन जारी रखा प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान परवीन लाइनमैन ने की मंच संचालन सब यूनिट बिजली प्रधान बलराज ने की प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान सोमपाल रावल उप प्रधान कपिल रावल व प्रवीण कुमार ने बताया कि उप मंडल अधिकारी के बुलावे पर यूनियन प्रतिनिधित्व मंडल कार्यो को लेकर उप मंडल अधिकारी से मिलने गया उपमंडल अधिकारी समालखा का रवैया बातचीत का गलत था और इस मुद्दे पर बात नहीं बनी अधिकारि काम को लेकर सभी बातों पर पल्ला झाड़ रहे हैं यूनियन के प्रति गलत रवैया के कारण सहमति न बनने पर मीटिंग छोड़कर बाहर आ गए यूनियन अपने आंदोलन को जारी रखेगी और भविष्य में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी समय रहते हुए अगर इस मामले को हल न किया गया तो यूनियन इस आंदोलन को उच्च अधिकारियों के कार्यालय पर आंदोलन को ले जाएगी

जिसकी जानकारी यूनिट समालखा ने कार्यकारी अभियंता समालखा को दे दी है इसकी प्रति लोकल प्रशासन व अधीक्षक अभियंता को भी दे दी है ताकि समय रहते हुए इस समस्या का समाधान किया जा सके राज्य के उप प्रधान सुरेश कुमार यूनिट सचिव विनोद कुमार ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार को कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी को रोहतक में रैली करेगी और भविष्य में कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों का संयुक्त मोर्चा बनाकर संयुक्त संघर्ष के लिए आंदोलन 16 फरवरी को राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में भाग लेगा इसी तैयारी में पूरे प्रदेश में कर्मचारी संगठनों ने कच्चे कर्मचारी और कार्यालय में कर्मचारियों को अवगत कराएगा वह प्रचार करेगा संयुक्त संघर्ष से के लिए जिन मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है वह इस प्रकार है।

**प्रदर्शन**

**8 कर्मचारी संगठनों ने कच्चे कर्मचारी और कार्यालय में कर्मचारियों को अवगत कराएगा**

# सब्जी मंडी में दो दुकानों में लाखों रुपये राशि की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

## दुकान पर कार्यरत कर्मचारियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर आरोपितों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सिविल लाइन** थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी में मंडी प्रधान व अन्य आढ़ती की दुकान से लाखों रुपये की राशि के चोरी होने का मामले सामने आया है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दुकानों पर काम करने वाले नौकरों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में अलग-अलग दो मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस ने सीसीटीवी की रिकार्डिंग कब्जे में लेकर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जटवाड़ा निवासी ललित खत्री ने बताया कि वह सब्जी मंडी में प्रधान है। उसकी मंडी में 40 बीस शिव गंगे फ्रूट कंपनी के नाम से दुकान है। गत 28 जनवरी को रविवार के दिन छुट्टी थी। दुकान पर रजनीश व 10 नंबर दुकान पर नौकर बबलु था। जिन्होंने दुकान से पांच लाख 22 हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। वहीं मंडी में स्थित दुकान नंबर-10 के संचालक चांद ने बताया कि उसकी दुकान से नौकर बबलु ने रजनीश के साथ मिलकर दुकान से एक लाख 12 हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया।

**मामला**

**8 बबलू ने रजनीश के साथ मिलकर दुकान से एक लाख 12 हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया।**

# पटवारियों की हड़ताल लगातार जारी, नही हो रहे लोगों के काम

## बीच डेढ़ घंटे चली बैठक में पे-ग्रेड में संशोधन और एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रमोशन) को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा में तीन जनवरी से हड़ताल पर चल रहे राजस्व पटवारियों और कानूनगो की सरकार के साथ बातचीत विफल हो गई है। सोमवार को वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच डेढ़ घंटे चली बैठक में पे-ग्रेड में संशोधन और एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रमोशन) को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई। जिसके बाद अब एसो. ने हड़ताल को 31 जनवरी तक जारी रखने की घोषणा कर दी। बैठक के बाद एसोसिएशन के प्रधान जयबीर चहल ने बताया कि वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ वार्ता में पे-ग्रेड में संशोधन और



एसीपी के मुद्दे पर पेंच फंसा रहा। अंबाला शहर के पटवारखाने के नजदीक अपनी मांगों को लेकर आज भी पटवारियों ने हड़ताल जारी रखते हुए प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। पटवारी एंव कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि आज हमारा धरना प्रदर्शन पांचवे चरण में प्रवेश कर गया है। पटवारियों की हड़ताल के चलते कार्यालयों में विभिन्न कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड में लोग मायूस होकर अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। कुछ लोगों ने बताया कि

**धरना**

**8 कोई सुनवाई होती नजर नहीं आ रही सरकार की वादाखिलाफी से परेशान होकर पटवारी धरने पर बैठे हैं**

उन्हें जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों के लिए यहां आए थे लेकिन उन्हें पता चला कि पटवारी तो हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जिसके चलते उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। पटवारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी तो आगामी आंदोलन का एलान किया जाएगा। उनकी हड़ताल से तीन दिन और तहसीलों में काम प्रभावित रहेगा। पटवारी एवं कानूनगो 25500-32100 वेतन बढ़ोतरी की अधिसूचना को 25 जनवरी, 2023 के बजाय पहली जनवरी, 2016 से लागू करने की मांग कर रहे हैं। अन्य मांगों में खाली पद जल्द भरना व नायबब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा कराना शामिल है। एसोसिएशन के प्रधान जयवीर सिंह चहल ने कहा कि जब तक अधिसूरचना में संशोधन नहीं हो जाता हड़ताल जारी रहेगी।

कड़ाके की ठंड में पटवारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं परिणाम यह है कि लोगों के कामकाज भी ठप हो गए हैं। लेकिन पटवारियों की कोई सुनवाई होती नजर नहीं आ रही सरकार की वादाखिलाफी से परेशान होकर पटवारी धरने पर बैठे हैं।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में बड़ी धूमधाम के साथ विदाई समारोह का आयोजन

**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**हिमगिरी** पब्लिक स्कूल, बिहौली रोड, समालखा में बड़ी धूम-धाम व उत्साह के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल चेयरमैन राजबीर सिंह ने मुख्यातिथि व रामनिवास पाँचाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियरों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ राजबीर सिंह, रामनिवास पाँचाल व प्रधानाचार्य प्रमोद राठी के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर को विभिन्न सम्मानजनक टाईटल के साथ उपहार देकर सम्मानित किया। सीनियर छात्रों ने भी जूनियर छात्रों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें ईमानदारी व लग्न के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कई छात्र-



छात्राएं भावुक भी हो गए। सभी छत्रों ने विभिन्न फिल्मी व देशभक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। समारोह के अंत मे प्रियांशु शर्मा मिस्टर फेयरवेल व गरिमा को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा हृदय अपनी पुत्री को विदा करने वाले उस पिता के समान प्रसन्नता व दुःख दोनों भावों से भरा हुआ है । हमे इस बात की प्रसन्नता है कि आज हमारे बच्चे जीवन के एक पड़ाव को पार करके मेहनत व संघर्ष से भरे दूसरे पड़ाव में प्रवेश कर रहे हैं।

हमें पूर्ण आशा है कि हमारे बच्चे अपने शिक्षकों द्वारा प्रदत्त ज्ञान के बल पर विभिन्न उच्च व सम्मानित पदों को प्राप्त कर स्कूल , अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करेंगे । स्कूल चेयरमैन राजबीर सिंह ने भी सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण मौजूद रहे।

# लुभावने वायदे करने वाले नेताओं की बातों में न आए जनताः संदीप



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे लाडवा हल्के में झूठ व लुभावने वायदे करने व अन्य प्रकार की बातें करने वाले नेताओं की भी होड़ लगनी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जनता अब समझ चुकी है कि कौन उनकी बातों को सुनता है और कौन उनके लिए काम करने के लिए आता है।समाजसेवी संदीप गर्ग मंगलवार को गांव बदरपुर में ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता को अब ऐसे लुभावने वायदे करने वाले नेताओं से बचकर ऐसे नेता का साथ देना चाहिए। जो दिन-रात उनके लिए काम कर रहा हो और काम करने की नीयत से लोगों के बीच जा रहा हूं। न कि ऐसे नेताओं के बात सुननी चाहिए। जो सिर्फ मुंगेरीलाल के हसीन सपने तो दिखा सकते हैं। परंतु उनका पूरा कभी नहीं कर सकते हैं।

**अपील**

**8 चुनाव का समय आते ही लाडवा हल्के में लगी लुभावने वायदे करने वाले नेताओं की होड़**

उन्होंने कहा कि अब लाडवा हल्के की जनता समझ चुकी है कि अब लुभावने वायदों में जाकर वोट नहीं देनी है। अब ऐसे नेता को वोट देनी है। जो 24 घंटे लाडवा हल्के की जनता के बीच रहे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लाडवा हल्के में पिछले सात साल से भी ज्यादा हो गए हैं हल्के की जनता की सेवा करते हुए और आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वह हल्के की जनता के सुख-दुख में सदा उनके साथ खड़े हैं और हमेशा खड़े रहेंगे। मौके पर सुनील गर्ग, गुड्डू, रणबीर सिंह, विक्रम कुमार, सोनू, रामेश्वर, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

# किड्जी स्कूल में राष्ट्रपिता गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर किया सभा का विशेष आयोजन

**दलबीर मलिक**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** किड्जी ,किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय सेक्टर- 3 ,कुरुक्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 76 वीं पुण्यतिथि पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण की गई तथा विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा भी पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। पी .आर.ओ कुमारी रुचिका तथा एकेडमिक कोऑर्डिनेटर मेघा द्वारा गांधी जी के आदर्श जीवन संबंधित विचार प्रस्तुत किए गए। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति की कविताएं प्रस्तुत की गई तथा कक्षा आठवीं के विद्यार्थी हर्षित द्वारा गांधी जी के आदर्श जीवन संबंधित भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने विद्यार्थियों को बताया कि 30



जनवरी,1948 में महात्मा गांधी जी को नाथूराम गोडसे द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आजादी की लड़ाई में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक महात्मा गांधी भी रहे, कोई उन्हें बापू कहता तो कोई देश का राष्ट्रपिता दोनों का अर्थ एक ही है, उन्हें हर भारतीय के पिता के रूप में देखा जाता है। जिन्होंने सही मार्ग पर चलकर आजादी की जंग लड़ी और भारतीयों का भी इस जंग में मार्गदर्शन किया उनका कहना था की डर शरीर का रोग नहीं है, यह आत्मा को मारता है। शिक्षा के विषय में उनका कहना था कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य चरित्र का निर्माण होना चाहिए जिस बच्चे में चरित्र का निर्माण ना हो सके, वहाँ शिक्षा का उद्देश्य असफल हो जाता है। महात्मा गांधी कहा करते थे कि गौरव लक्ष्य पाने की कोशिश करने में है ना कि लक्ष्य तक

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 महात्मा गांधी कहा करते थे कि गौरव लक्ष्य पाने की कोशिश करने में है ना कि लक्ष्य तक पहुंचने में: परमिंदर सिंह बाठ**

पहुंचने में। कायर प्रेम नहीं करते, प्रेम बहादुरों की निशानी है।

गांधी जी ने शांतिनिकेतन, साबरमती आश्रम और गुजरात विद्यापीठ में कई शैक्षिक प्रयोग किए और 1937 में वर्धा शैक्षिक योजना राष्ट्रीय के सामने रखकर शैक्षिक जगत को शिक्षा का एक नया दृष्टिकोण दियाअंत में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी जी का स्मरण किया गया।

# विभिन्न सामाजिक विषयों पर गहन विचार सांझा किए

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरुकलता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य रूप से आमंत्रित किए गए थे। प्राचार्य निरंजन सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सबसे पहले पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए स्वयंसेवकों को स्वच्छ वातावरण



रखने के लिए जागरूक किया। साइकिल प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि आओ छोटे बड़े सफर साइकिल से तय करें। ईंधन बचाए पर्यावरण सुधारें और सड़कों पर गाड़ियों का बोझ कम करें। स्वच्छता पर विचार सांझा करते हुए कहा कि भंडारों आदि के अवसर पर प्लास्टिक का प्रयोग बहुत अधिक हानिकारक है। साईबर ठगों से बचाव बारे जागरूक करते हुए कहा कि अपनी निजी जानकारी अन्य व्यक्ति के साथ सांझा न करें। सड़क सुरक्षा बारे विस्तार से बात करते हुए बताया सड़क के नियमों की अवहेलना भारी पड सकती है। अंत में नशे के दुष्परिणाम बताकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। सभी उपस्थित ने शपथ ली। इस अवसर पर गुरप्रीत कौर, बलराम तंवर आदि उपस्थित रहे।

# रूहानी आनंद का अनुपम उत्सवः निरंकारी संत समागम

**समागम**

**8 संत प्रवृत्ति से ही जीवन का कल्याण संभव**

**8 सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज**





**समालखा (कुलदीप सिंह)** जीवन में सन्तों का संग करना अत्यंत आवश्यक है संत प्रवृत्ति से ही जीवन की वास्तविक सुंदरता है और उससे युक्त होकर ही सहज रूप में ही कल्याण की ओर बढ़ा जा सकता है। यह शुभाशीष निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने महाराष्ट्र के 57वें निरंकारी संत समागम के द्वितिय दिन विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए ।

सतगुरू माता जी ने जीवन की सार्थकता को समझाते हुए कहा कि संसार में सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही प्रकार की प्रवृत्तियां विद्यमान हैं जिसका चुनाव हमें अपने विवेक से स्वयं ही करना होता है` ब्रह्मज्ञान हमें विवेकशील दृष्टिकोण प्रदान करता है जिसको अपनाकर हम सकारात्मक भाव से एक भक्ति भरा जीवन जीते चले जाते हैं । महाराष्ट्र के पुरातन सन्तों को स्मरण करते हुए सतुगुरु माता जी ने फरमाया कि सभी सन्तों ने जीवन में प्रभु परमात्मा को प्राथमिकता देने की ही शिक्षा दी है। सन्तों की दिव्य वाणी से हमारे मन मे व्याप्त अहंकार, क्रोध, लोभ सहज रूप में अलोप हो जाते हैं ।

जिस प्रकार उबलते हुए पानी में हम अपना चेहरा नहीं देख सकते ठीक उसी प्रकार मन में क्रोध, अहंकार एवं स्वार्थ के भाव होने पर जीवन में कुछ भी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। अंत में सतगुरू माता जी ने कहा कि परमात्मा ने हमें हर तरह की क्षमता प्रदान की है` हम चाहे तो एक सही मनुष्य बनकर फरिश्ते जैसा जीवन जी सकते हैं, जो मनुष्य का मूल स्वभाव है, अन्यथा इसके विपरीत दिशा में जाकर दानवीय प्रवृत्ति से ग्रसित हो सकते हैं। यह चुनाव हमारा अपना है।

# राम भक्त सेवक सुल्तान नेत्रदानी को चरण पादुका भेंट की

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** प्रभु श्री राम जी के भक्त सेवक एवं विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ कायकर्ता सुल्तान नेत्रदानी 1 जनवरी हरिद्वार में श्री गंगा जी में ब्रह्मा मुहूर्त के अमृत वेला में स्नान कर संकल्प धारण किया गया था, कि जब तक हमारे प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा संपूर्ण नहीं होती तब तक दिनांक 22 जनवरी तक नंगे पांव और श्री राम जय राम जय जय राम के सवा लाख महामंत्र का जप करना। फिर 22 जनवरी को राम लला के सेवक भक्त सुल्तान नेत्रदानी ने अयोध्या धाम में जय श्री राम मन्दिर में भगवान श्री राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा संपूर्ण की। श्री अयोध्या जी में प्राण प्रतिष्ठा के भव्य दिव्य नव्य समारोह में शामिल



हुए हिंदू हृदय सम्राट परम तपस्वी पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी महाराज संस्थापक वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी अमीन रोड कुरुक्षेत्र ने श्री राम जन्मभूमि की पावन धरा से कहा था कि आपको चरण पादुका धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में वात्सल्य वाटिका की ओर से सह प्रेम भेंट की जाएंगी। सबसे पहले वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के छात्रों के हाथों से चरणों को जल दूध से धोकर पवित्र किया गया । फिर जय श्री राम भक्त सुल्तान नेत्रदानी जी का स्वागत माल्यार्पण से किया गया । पूज्य महाराज आदरणीय स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी के परम स्नेह असीम कृपा और एक मां की भांति दुलार से चरण पादुका एवं सम्मान के रूप में शाल भेंट की। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी, श्रद्धेय संत स्वामी वासुदेवानंद जी, सुल्तान नेत्रदानी , वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र ट्रस्ट सचिव ओमप्रकाश गेरा, कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, राजकुमार सेठी विश्व हिंदू परिषद से, विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी और छात्र छात्राएँ मौजूद रहे ।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में विभिन्न गांवों के 340 लोगों ने करवाई नेत्र जांच

**हिसारः** स्वास्थ्य की अलख जगाने में विशेष भूमिका निभाने वाले विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव मात्रश्याम, तलवंडी रूक्का व मिजार्पुर रोड के पास निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इन शिविरों में विभिन्न गांवों के 340 लोगों ने लाभ उठाया। इन शिविरों में विश्वास अस्पताल के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने निशुल्क जांच करके उचित परामर्श दिया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। नेत्र जांच के उपरांत जिन लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली, उन्हें अनुभवी सर्जन से नेत्र ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई।

# घर से नगदी व जेवर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

जिला पुलिस ने घर से नगदी व जेवर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने घर से नगदी व जेवर चोरी के आरोप में सन्नी कुमार उर्फ सन्नी पुत्र रामलाल वासी डयोड खेडी थाना सदर थानेसर जिला कुरुक्षेत्र व राहुल पुत्र रघुबीर सिंह वासी अमीन थाना केयूके जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर उनसे 65 हजार रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुनीत गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता वासी वार्ड नं. 21 सुभाष गली थानेसर ने पुलिस को



दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 20 जनवरी 2024 को वह अपने परिवार के साथ करनाल शादी में गया था। दिनांक 21 जनवरी 2024 को उसने करनाल से आकर देखा तो उसके मकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला । जब उसने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पडा हुआ था व घर में सोने-चांदी व नगदी कोई चोरी करके ले गया था। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट थानेसर में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार को सौंपी गई।

# बड़ी बहन ने प्रस्तुत की प्यार व इंसानियत की अद्भुत मिसाल

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

गांधी स्मारक निधि पंजाब हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश स्वाध्याय आश्रम पट्टी कल्याण में महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर आश्रम परिसर में श्रमदान किया गया इसके बाद 2 मिनट का मौन रखा गया और सर्वधर्म प्रार्थना की गई प्रार्थना के पश्चात संस्था के सचिव आनंद कुमार शरण ने महात्मा गांधी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी । सभा में बोलते हुए सभी को गांधी के बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया उनके जीवन से जुड़ी कुछ घटनाओं को विस्तार से बताया की वह सदा सत्य मार्ग पर चलते थे दांडी यात्रा में वह अकेले निकले और सारा कार्वा जुड़ता चला गया और अंग्रेजों के बने नमक कानून





का बहिष्कार किया इसी कड़ी में नियासी मंडल के सदस्य हेमलता रावत ने अपने संबोधन में बताया कि किस प्रकार अंत समय में भी उनके मुख से सिर्फ हे राम निकला आज ही के दिन 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा तीन गोली मारी गई थी जिससे उनका निधन हुआ तभी से आज के दिन को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी कड़ी में बोलते हुए डॉ आकाश बिसौने ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा को भारत में लेकर आने वाले महात्मा गांधी ही थे यह भी उनका एक रचनात्मक कार्यों में से एक है । सुनीता ने बताया कि गांधी ने कहा था कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है सादा जीवन उच्च विचार और दीन दुखियों की सेवा करना ही सच्चा मानव धर्म है

शहीदी दिवस के उपलक्ष में आश्रम परिसर में 31 जनवरी से 11 फरवरी तक प्रतिदिन चार से पांच एक घंटा स्वाध्याय व चरखा कताई की जाएगी और 12 फरवरी को गांधी का अस्थि विसर्जन दिवस ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र में मनाया जाएगा। इस अवसर पर गांधी स्मारक निधि के समस्त कार्यकर्ता स्कूल स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित थे।

# एक्सपोर्ट एंड इकनोमिक विषय पर सम्मेलन आयोजित

## राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में लगभग 120 प्रतिभागियों ने लिया भाग, सेमिनार में विभिन्न एसोसिएशन ने किये अपने विचार सांझा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**केंद्र सरकार** के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एम.एस.एम.ई-विकास कार्यालय, करनाल द्वारा मंगलवार को स्काई लार्क पर्यटन केंद्र के सभागार में एक्सपोर्ट एंड इकनोमिक विषय पर एक राष्ट्र स्तरीय के सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन में विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने भाग लेकर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम की योजनाओं व लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.एस.एम.ई-विकास कार्यालय, करनाल के निदेशक संजीव चावला ने की। कार्यक्रम में आद्योगिक नगरी के कई उद्यमियों ने भाग लिया।




सेमिनार के दौरान जिले की विभिन्न एसोशिएसनों ने भी अपने विचार सांझा किये तथा अपनी सफलता में एम.एस.एम.ई-विकास कार्यालय, करनाल की भूमिका का उल्लेख किया। सेमिनार में प्रश्नोतरी सेशन का भी आयोजन किया गया। एम.एस.एम.ई-विकास कार्यालय, करनाल के सहायक निदेशक सतपाल ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। सेमिनार में एमएसएमई सेंटर पानीपत जिला के सहायक निदेशक दीपक वर्मा ने राज्य सरकार की निर्यात नीतियों पर प्रकाश डाला। सेमिनार में संजीव चावला ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी व बताया कि कैसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयां एक्सपोर्ट एवं ई कामर्स पद्धति को अपना कर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि उद्यमियों में उर्जा

**विचार**

**8 प्रतिभागियों ने भाग लेकर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम की योजनाओं व लाभों के बारे में जानकारी दी**

का अपार भंडार है जो सभी समस्यायों को झेलते हुए आगे बढने की क्षमता रखते हैं और उद्यमियों को क्यूसीडी (क्विालटी, कोस्टिंग एंड डिलवरी) मंत्र को हमेशा याद रखने के लिए कहा तथा भिन्न भिन्न तरह के विजनेस टूल के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में निर्यात से सम्बंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने अपने विभागों की विभिन्न नीतियों और योजनाओं की जानकारी प्रतिभागियों के साथ सांझा की तथा जिले की विभिन्न एसोशिएसनों ने निर्यात के लिए सुझाव दिए और अपनी समस्याओं के बारे में भी चर्चा की।

सेमिनार में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद के क्षेत्रीय निदेशक (नई दिल्ली) राकेश सूरज ने उत्पादों के लिए निर्यात के अवसरों के बारे में प्रतिभागियों को संबोधित किया व अपने अनुभव सांझा किये। कार्यक्रम में विदेश व्यापार कार्यालय (पानीपत) के संयुक्त निदेशक विशाल शर्मा ने निर्यातकों के लिए जरूरी पंजीकरण प्रक्रिया और योजनाओं के बारे में बताया। सेमिनार में कुलदीप सिंह, शाखा प्रबंधक, निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड (इसीजीसी) ने प्री, पोस्ट शिपमेंट क्रेडिट, इन्शोरैंस कवर, विदेशी बाजार की पहचान आदि विषयों पर व्याख्यान दिया।

# कुकर्म करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

## अदालत ने दोषी पर 11 लाख 42 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**खरखौदा** थाना क्षेत्र में किशोर से कुकर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मामले में तीन नाबालिग पर भी मुकदमा दर्ज किया था। उनका मामला जुवेनाइल कोर्ट में भेजा गया था। दोषी करार दिए गए युवक पर 11.42 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना राशि में से पांच लाख रुपये पीड़ित को देने के आदेश दिए गए है।

खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने 11 फरवरी, 2022 को पुलिस को बताया था कि उनका 15 वर्षीय बेटा कई दिन से सहमा हुआ था। उन्होंने बेटे से बात की तो पहले वह टालने लगा। उन्होंने उसे

**सजा**

**8 र चारों ने उसके साथ गलत काम किया था। साथ ही किसी को बताने पर मारने की धमकी दी थी**

समझाकर बातचीत की बेटे ने बताया कि वह 5 फरवरी, 2022 को पड़ोस के गांव में आयोजित भंडारे में गया था। वहां से लौटते समय उसे गांव का अभिषेक व तीन अन्य लडके मिले थे। वह उसे सडक किनारे खाली कमरे में ले गए थे। वहां उन्होंने उसके साथ मारपीट की थी। वह उसे एक गन्ने के खेत में ले गए। जहां पर चारों ने उसके साथ गलत काम किया था। साथ ही किसी को बताने पर मारने की धमकी दी थी। जिससे वह डर गया था। तब व्यक्ति ने पुलिस को अवगत कराया था। पुलिस ने इस संबंध में कुकर्म, मारपीट, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। तब तत्कालीन थाना प्रभारी जसपाल सिंह की टीम ने मामले में ठोस कार्रवाई करते हुए आरोपितों को काबू कर लिया था। अभिषेक के बालिग होने के चलते उसे जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने आरोपित का चालान तैयार कर अदालत में पेश कर दिया था।

मामले में एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह ने एक साल नौ माह 13 दिन में सुनवाई पूरी कर आरोपित को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को अलग-अलग धाराओं उम्रकैद व 11.42 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## न्यूज फ्लैश

### छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने से मिलता है आत्मविश्वास: रणदीप आर्य

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**ढाई अखर** नामक राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिताएं का आयोजन भारतीय डाक विभाग द्वारा किया गया। जिसमें हमारे आर्य बाल भारती की 'दीपांशी' पुत्री सुनील कुमार ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करके हमारे विद्यालय का नाम रोशन किया। इसमें भारतीय डाक विभाग के मैनेजर जोगिंदर प्रकाश चुघ ने दीपांशी को ?10,000 का चेक प्रदान किया।यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी ।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन करने में हमारे स्कूल की विज्ञान अध्यापिका ' सीमा रामदेव' ने अपनी विशेष भूमिका निभाई। विद्यालय की मैनेजिंग कमेटी और स्कूल के प्रधानाचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यालय के बच्चों को बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और दीपांशी को अपना आशीर्वाद और प्रोत्साहन प्रदान किया।

### गोहाना बंद तो एक ट्रेलर है पूरी पिक्चर 3 दिन बाद दिखाई जाएगी: बजरंग गर्ग

**गोहाना: हरियाणा** प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि मातु राम हलवाई की दुकान पर लगभग 40 राउंड फायरिंग करके फिरौती मांगने वाले अपराधियों को 9 दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार ना करने से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जिसके विरोध में आज गोहाना पूरी तरह से बंद रहा। जहां चाय के ठेले तक बंद रहे और गोहाना बंद ऐतिहासिक रहा। गोहाना बंद तो एक ट्रेलर है असली पिक्चर तीन दिन बाद दिखाई जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन ने तुरंत अपराधियों को पड़कर चिरा नहीं लगाया तो व्यापार मंडल हरियाणा बंद करके सड़कों पर उतरेगा। बड़े अफसोस से कहना पड़ रहा है कि पुलिस द्वारा बार-बार झूठे आश्वासन दे रही है कि हम अपराधियों के नजदीक है मगर अभी तक एक भी अपराधी पुलिस की पकड़ नहीं पाई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अपराधियों द्वारा दिन-दहाड़े अनेकों फायरिंग करने के बाद भी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि वह व्यापारी को दोबारा फोन करके जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसे बावजूद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल सिद्ध हुई है। जब तक अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा तब तक हरियाणा में व्यापारियों का आंदोलन जारी रहेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि प्रदेश में हर रोज व्यापारियों के साथ लूटपाट, फिरौती,अपहरण, हत्या व चोरियों की वारदातें आम बात हो गई है।

### शारदा अस्पताल ने रिचर्ड वुल्फ सेंटर के साथ मिलकर देश के प्रमुख शहरों में मेडिकल साइंटिफिक टॉक कार्यक्रम का सफलतापूर्ण आयोजन किया

**ग्रेटर नोएडा:** शारदा अस्पताल को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी, प्राइमा विस्टा-रिचर्ड वुल्फ अकादमी जर्मनी के साथ साझेदारी करके देश के 3 प्रमुख शहरों (पुणे, कोयंबटूर और चेन्नई) में 17 से लेकर 20 जनवरी तक अ यूनिक एक्यूट केयर ब्रोंकोस्कॉपी स्किल्स इनीशिएटिव फॉर द इंटेंसिविस्ट बाई द इंटेंसिविस्ट की थीम पर साइंटिफिक टॉक कर्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम में चिकित्सक क्षेत्र से जुड़े देश-विदेश के कई विद्वानों ने भाग लिया और रेस्पिरेटरी केयर सम्बंधित कई विषयों पर जानकारी साझा की। डॉ.मेड तुशिरा वीरवरना, निदेशक, सिलोह सेंट ट्रूडपर्ट अस्पताल और फेफड़े केंद्र, फॉर्जहैम जर्मनी ने चैलेंजेस एंड नॉनसेस ऑफ परफोर्मिंग ब्रोंकोस्कॉपी इन द इंटेंसिव केयर यूनिट विषय पर चर्चा की। इनके अलावा कार्यक्रम में स्टीफन गिले, डॉ. राजेश चंद्रा मिश्रा, डॉ. मनीष भारती, डॉ. अहसीना जहां लोपा और डॉ. सुमार मकबूल तान्त्रे मौजूद रहें। तीनों शहरों में कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अपने भाव व्यक्त करते हुए आईएससीसीएम प्रेसिडेंट साइटेशन अवार्ड प्राप्त, शारदा हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के सीनियर कंसल्टेंट एंड इंटरवेंशनल इंटेंसिविस्ट डॉ. मनीष भारती ने कहा - " इस तरह के कार्यक्रम बहुत प्रभावशाली होते हैं और उनका अपना महत्त्व है। आज तकनीक का स्तर बहुत ऊँचा हो चुका है और इस समय चिकित्सा क्षेत्र में भी तकनीक एक अहम भूमिका निभा रही है। इस तरह की पहल चिकित्सा क्षेत्र के लिए जरूरी है। इनके अलावा स्टीफन गिले, डायरेक्टर ऑफ क्लिनिकल कस्टमर सपोर्ट, रिचर्ड वोल्फ जी.एम.बी.एच ने भी इस साझेदारी पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा वर्तमान समय में रेस्पिरेटरी केयर रोगियों की खास जरूरत है।



# फुटबॉल नाकआउट्स और कबड्डी मैच दिल्ली एसएफए चैम्पि. में बने आकर्षण का केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**

**दिल्ली एसएफए** चैम्पियनशिप्स के दूसरे दिन की शुरूआत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में फुटबॉल और नोएडा एजुकेशन एकेडमी में कबड्डी के साथ हुई। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अंडर-18 ब्वॉयज कैटेगरी में फुटबॉल के क्वार्टरफाइनल हुए। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल से अंडर-18 फुटबॉलर क्षौनिश गौरी, जो गोवा सुपर कप चैरिटी मैच के विजेता हैं ने कहा, एक छोटे से नगर से मैस्सी की यात्रा से प्रेरित होकर मैंने 2014 में फुटबॉल खेलना शुरू किया। इस यात्रा के दौरान मेरे माता-पिता और कोचेज ने पूरा सहयोग दिया है, खासतौर पर मेरी मां, हर कदम पर मेरे साथ रहीं। 2018 में दिल्ली डायनामोस ट्रेनिंग कैम्प में शामिल होने से मुझे गेम के बुनियादी पहलुओं को



सीखने का अवसर मिला। मेरा मानना है कि हर अनुभव हमारे जीवन में मायने रखता है, फिर चाहे वह जीत हो या हार। हालांकि आज एसएफए चैम्पियनशिप्स में हम हार गए, लेकिन यह हमें याद दिलाता है कि हमें हमेशा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रयास जारी रखने हैं। मैं आने वाले समय में भी एसएफए चैम्पियनशिप्स में हिस्सा लेना चाहता हूं। वहीं कबड्डी की बात करें तो अंडर-14 ब्वॉयज फाइनल्स तथा अंडर-17 एवं अंडर-19 ब्वॉयज सेमी फाइनल्स में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। अंडर-14 फाइनल्स में मॉडर्न स्कूल नोएडा सेक्टर 11 ने गोल्ड के लिए पोडियम

**प्रतियोगिता**

**8 एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, फुटबॉल , खो-खो, टेनिस और वॉलीबॉल की शुरूआत होगी**

पॉजिशन हासिल किया।

समाज में बदलाव लाने की क्षमता का प्रदर्शन करते हुए तीसरे दिन महिला एथलीट्स नई दिल्ली के एसएफए चैम्पियनशिप्स में शी इज गोल्ड पहल के तहत मुकाबला करेंगी। यह दिन और भी रोमांचक होने वाला है क्योंकि कल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, फुटबॉल (अंडर 10 और अंडर 12), खो-खो, टेनिस और वॉलीबॉल की शुरूआत होगी।

# ट्रेन में यात्रा करते समय मोबाइल फोन हुआ चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**दिल्ली-अंबाााला** रेल मार्ग पर ट्रेन में सफर कर रहे यात्री का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने मामले को लेकर जीआरपी थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्ध का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग लग सके।

गांधी नगर गन्नौर निवासी विशाल ने बताया कि गत 13 जनवरी को वह सोनीपत से गन्नौर से लिए ट्रेन में यात्रा कर रहा था। जब वह गन्नौर स्टेशन पर उतारा तो उसका मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जीआरपी सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई भगत राम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। चोर का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

# अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जिले** की एवीटी स्टाफ सोनीपत पुलिस एसएजी टीम ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिजेंद्र निवासी सरढाना व मोहित निवासी हलालपुर का है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौघ्रान गांव सरढाना में मौजूद थी। उसी दौरान खेल स्टेडियम के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने उक्त हथियार को राहगीर से लिया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। वहीं उप निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गांव हलालपुर से गश्त के दौरान आरोपित को संदिग्ध हालत में घुमते हुए पाया गया। उसे रोक कर तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल मैगजीन वाली बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया।

# छात्रों ने लिया विंटर कार्निवाल जॉयफुल पलूजा में हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में विंटर कार्निवाल 'जॉयफुल पलूजा' का भव्य आयोजन किया गया । कार्निवाल में हजारों की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साह व उमंग के साथ हिस्सा लिया । बच्चों के साथ यहां पहुंचे उनके अभिभावकों ने भी कार्निवाल का जमकर लुत्फ उठाया । एडवेंचर गेम्स, विज्ञान व आर्ट प्रदर्शनी, घोड़ों व ऊंट की सवारी, मौज-मस्ती से भरी बेबी शो, डांस व पेंटिंग प्रतियोगिताएं, आकर्षक झूलें आदि इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहे । बेबी शो, डांस व पेंटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 5100 -5100 रुपए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।साथ ही लक्की ड्रा के विजेता को लैपटॉप




का पुरस्कार मिला। इससे पहले उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अभिनव जे.जैन, आईआरएस अधिकारी अभिषेक जे.जैन, दूधवाले डॉट कॉम के सीईओ अमन जे.जैन, सचिव दिनेश जैन, अनिता जैन,स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल की प्राचार्या रिचा चावला ने मां सरस्वती के चित्र से समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्कूल में आयोजित कार्निवाल का उद्घाटन किया। आईएएस अधिकारी अभिनव जे.जैन ने कहा कि पढ़ाई के साथ ही मनोरंजन भी बहुत जरुरी है । इससे बच्चों का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्निवाल के आयोजन से छात्रों की प्रतिभा और कौशल को बढ़ावा मिलता है। छात्रों को अपने संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करता है। इस मौके पर मेजबान ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल व ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

इस मौके पर बच्चों ने मैजिक शो व पपेट शो का भी भरपूर आनंद लिया। इस दौरान आयोजित डांस प्रतियोगिता के 5-10 आयु वर्ग में चार्वी ने पहला, अंशिका ने दूसरा व हरनूर ने तीसरा स्थान पाया, जबकि 11-15 आयु वर्ग में सक्षम ने प्रथम, अनन्या ने द्वितीय व मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कल्याणी एजुकेशन** वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों की एक प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई थी। आज उनका परीक्षा परिणाम घोषित कर-के संस्था द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों को सर्टिफिकेट देकर उनका हौंसला बढ़ाया गया। कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप कल्याणी ने कहा कि बच्चों को अपना सुनहरा भविष्य बनाने के लिए समय रहते प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। इसके लिए संस्था नाममात्र फीस में सरकारी नौकरी की तैयारी भी कराती है। इसके साथ-साथ संस्था द्वारा बिल्कुल ही नाममात्र फीस में कल्याणी स्कूल मोबाइल



ऐप के जरिए 6इँ से 12इँ के बच्चों को पूरे साल का सिलेबस कराती है। कल्याणी स्कूल एजुकेशन मोबाइल ऐप में 32000 से ज्यादा वीडियो लेक्चर, 3 लाख से ज्यादा प्रश्न बैंक, पिछले 15 वर्षों के प्रश्न पत्र, सभी विषयों की ई बुक्स के साथ-साथ माइंड मैप नोट्स हैं। इसके अलावा बोर्ड के टॉपर बच्चों की आंसर शीट की स्कैन कॉपी भी लगाई गई है जिससे बच्चों में टॉपर बनने का मोटिवेशन व तरीका आए।

**सरकार की तरफ से कई स्कॉलरशिप बच्चों को दी जाती हैं : संदीप कल्याणी**

इस अवसर पर संदीप कल्याणी ने आगे बताया कि सरकार की तरफ से कई स्कॉलरशिप बच्चों को दी जाती हैं, लेकिन सही जानकारी के अभाव में बच्चे इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं। संस्था से जुड़े सभी बच्चों को इन सभी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जाता है और उसकी तैयारी भी कराई जाती है। इस अवसर पर आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल मनीष घनघस ने कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के इस कदम की तारीफ करते हुए इसे सभी बच्चों के लिए सुनहरा अवसर बताया। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल बच्चों की प्रतिभा को निखारने और संवारने में हमेशा ही आगे रहा है। कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट से जुड़कर सभी बच्चों को उनके भविष्य को और बेहतरीन बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर भी खड़ा है।

# फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुरथल थाना** पुलिस ने धोखाधड़ी कर कोर्ट में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने की वारदात में शामिल महिला आरोपित सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिंदा देवी व सरयु वासी बिहार व अन्य महिला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

उप निरीक्षक वेदवीर सिंह ने बताया कि 29 जनवरी को मानंनीय अदालत सुरुचि अत्तरेजा सिंह की अदालत से पत्र प्राप्त हुआ कि

**रिमांड पर**

**8 पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है**

आरोपित नीरज कुमार को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। जिसमें जन्म प्रमाण-पत्र आरोपित नीरज कुमार का सत्यापन किया गया। जिसमें वह फर्जी पाया गया। पुलिस ने इस संबंध में एक महिला आरोपित सहित बिंदा देवी व सरयु को गिरफ्तार किया है।

# नागरिक अस्पताल में मरीजों के लिए दो कंप्लीट ब्लड काउंट्स मशीने की दान

## अस्पताल के प्रसूति विभाग व प्रयोगशाला में किया जायेगा मशीनों को स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**नागरिक** अस्पताल में रक्त की जांच करवाने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। एक निजी कंपनी की तरफ से नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए दो कंप्लीट ब्लड काउंट्स (सीबीसी) जांच मशीनें दान में दी गई है। इनमें से एक मशीन को प्रयोगशाला में और दूसरी मशीन को प्रसूति वार्ड में इंस्टॉल कराया गया है। दोनों मशीनों में रक्त की जांच करने में समय भी कम लग

**राहत**

**8 अस्पताल में खून की जांच करवाने के लिए आए मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था**

सकेगा। अस्पताल में रोजाना 250 मरीज रक्त की जांच कराने के लिए आते है। बता दें कि अस्पताल की प्रयोगशाला में एक सीबीसी मशीन थी। उस कंपनी की ओर से समय पर केमिकल रीजेंट समय पर उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे थे।

प्रयोगशाला में केमिकल रीजेंट खत्म होने के बाद अस्पताल में खून की जांच करवाने के लिए आए मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। मशीन खराब होने पर खून की जांच न होने से मरीजों को निजी प्रयोगशालाओं में 200 से 250 रुपये तक खर्च करने पड़ते थे।

# लाखों रुपये की राशि निकालने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राई** थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय निवासी ऐटा हाल में गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मध्यप्रदेश हाल में बढ़मलिकपुर निवासी रामबीर ने गत 18 सिंतबर को शिकायत देकर बताया था कि उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है। उसने बैंग द्वारा नया एटीएम कार्ड कोरियर द्वारा भेजा गया है। लेकिन उसे कोरियर नहीं मिला। उसने फिर से नया एटीएम कार्ड बनवाया।

उसने पता चला कि मेरे खाते का बैलेंस शुन्य है। उसने बैंक से स्टेटमैंट निकालकर दी। उसके खाते से एक लाख 76 हजार रुपये की राशि नए एटीएम के जरिए निकालना पाया गया। खाते से राशि निकालने का कोई संदेश नहीं मिला। मामले में राई थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक सतीश कुमार की टीम ने आरोपित अजय को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

# 'निगम प्रशासन के नाक तले ठेकेदार कर रहे भ्रष्टाचार'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**नगर निगम** सोनीपत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। निगम में काम लेने वाले ठेकेदार पुरे सोनीपत में बिना टैंडर के मानक मापदंडो को अपनाए अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल कर डकार रहे है। यह बात आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष ने नगर निगम कमिश्नर से मिलकर लिखित में शिकायत देते हुवे कही। देवेंद्र गौतम ने बताया कि नगर निगम वार्ड नंबर 7 के अंतर्गत आने वाले गांव रायपुर में फिरनी पर गंदे पानी की निकासी के लिए नाला बना हुआ था। नाले में कोई कमी नहीं थी, दिक्कत होती भी तो नाले



की सफाई करके उसको सुचारू रूप से चालू किया जा सकता था लेकिन ठेकेदार ने भ्रष्टार्चार करने की मंशा से उसको उखाड़ दिया और उसके द्वारा नए निर्माण की प्रिक्रिया अमल में लाई गई। देवेंद्र गौतम ने कहा कि नाला निर्माण में बिना मानक मापदंडों को अपनाए नाला निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। गौतम ने बताया की बिना मिट्टी पर दुरमच लगाए और रोड़ा डाले ठेकेदार द्वारा कंक्रीट डाल दिया गया है। जो की 3-4 महीने भी नहीं चलने वाला। भविष्य में बहुत मकान ऐसी स्थिति में क्षतिग्रस्त हो सकते है। देवेन्द्र गौतम ने बताया की नाला निर्माण की आड़ में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार ठेकेदार, सम्बंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि के द्वारा मिलकर किया जा रहा है। जो कि इस मामले की लिखित शिकायत आज देवेंद्र गौतम ने कमिश्नर नगर निगम को दी है व स्थिति से अवगत करवाया।

माँग की है की उक्त कार्य को तुरंत प्रभाव के रुकवा कर जाँच की जाए।

# कुशक नम्बर-2 में कैम्स कॉन्वेंट स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कैम्स कॉन्वेंट स्कूल ने अपना** 23वां वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर निगम पार्षद मुनेश राहुल शर्मा, जिला करावल नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी, इन्द्रराज सैनी, स्कूल प्रबन्धक व स्कूल प्रिंसिपल सोनिया सैनी ने ध्वजारोहण किया। वार्षिक उत्सव का विषय 'निर्मुक्त' यानि बंधनों से मुक्त रहा'। छात्रों ने बहुमुखी प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें मुख्य आकर्षण थे भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले थीम एक्ट जिसमें स्कूली बच्चों ने माता सावित्री बाई फुले की जीवनी पर नाट्य के द्वारा प्रकाश डाला। जिसमें माता सावित्री का रोल अंजली ने किया। इसमें बताया गया कि किस प्रकार से सावित्री बाई फुले पर कीचड़ फेंककर व पथराव करके लड़कियों, महिलाओं को न पढ़ाने के लिये परेशान किया जाता था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लड़कियों, महिलाओं को शिक्षित करने का कार्य किया। इस कार्यक्रम को सोनिया सैनी अध्यापिका ने बड़ी अच्छी तरह से प्रेक्टिस करा कर बच्चो को तैयार किया। नीरजा स्टोरी एक्ट में उस स्टोरी के ऊपर प्रकाश डाला गया, जिसमें नीरजा एयरहोस्टेस ने किस प्रकार से हवाई जहाज के हाइजेक होने पर तीन बच्चों की जान बचाने के लिए अपनी जान देकर भी सवार लोगों की जान बचाई थी। मनीषा व नीतिशा अध्यापिका द्वारा नर्सरी कक्षा के छात्रों-छात्राओं द्वारा रेट्रो डांस के लिए तैयार कराया गया था। स्कूली छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं के रंगारग कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया जिस पर लोग थिरक रहे थे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों ने बच्चो का हौसला बढ़ाते हुए बच्चों को नकद इनाम से प्रोत्साहित किया। महाभारत थीम डांस, सेव ट्री थीम एक्ट एंड डांस जैसे अनेक रंगारग कार्यक्रम पेश करके बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। 'राम आएंगे' रामायण थीम स्टोरी के तहत बच्चों ने बड़ा ही अच्छा व मनमोहक कार्यक्रम किया, जिसमें तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जय सियाराम के नारे गूंजने लगे। इस थीम पर आध्यापिका मीनू ने बच्चो पर बड़ी मेहनत की और वह सफलता नजर आई क्योंकि उपस्थित अभिभावकों ने इसे खूब सराहा। तो वहीं, रीड की हड्डी प्ले और रक्तचरित्र थीम जैसे डांस का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर स्टेज संचालन प्रभा पन्त, काजल शर्मा, अभिषेक जांगड़ा, कीर्ति सैनी ने किया। साथ ही अध्यापिका चंचल ने सभी कार्यक्रमो को तैयार करने में अहम सहयोग दिया।

इस दौरान संध्या सैनी, राजेश कुमार, पिंकी, भारती, प्रियंका शर्मा इन सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने कड़ी मेहनत कर स्कूल वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्कूल मैनेजर रोहित सैनी ने बच्चो के द्वारा दिये गए सभी कार्यक्रमों को खूब सराहा। स्कूल चेयरमैन खेमचंद सैनी ने अपने संम्बोधन में कहा कि कैम्स कान्वेंट स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी जोर दिया जाता है। इस स्कूल से पढ़े बच्चे डॉक्टर बन कर प्रेक्टिस कर रहे हैं। प्रधानाचार्य सोनिया ने छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और रचनात्मकता कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यरूप से उपस्थित बुराडी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, पूर्व निगम पार्षद सूरत सिंह सैनी, मोहित सैनी, कांग्रेस नेता सुखबीर सिंह, पूर्व निगम प्रत्याशी नीतू तोमर रहे। इस अवसर पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पूर्व अध्यक्ष व संस्थापक चौधरी इन्द्रराज सिंह सैनी ने कहा कि इस स्कूल में कम फीस में अच्छी शिक्षा दी जाती है।

इस दौरान अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि बेशक एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये। जिससे की बच्चे पढ़-लिखकर देश व समाज का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर माता सवित्री बाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बिजेन्द्र सैनी, कोऑपरेटिव थ्रिफ्त एन्ड क्रेडिट सोसायटी दरियागंज के सुभाष सैनी, कुलदीप सैनी, राजेश कुमार सैनी, परवीन सैनी, राजू सैनी, रतन सैनी ने पहुँचकर स्कूली छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। वार्षिकोत्सव की सभी अभिभावकों ने प्रसंशा की।





# मॉडल टाउनः केजरीवाल सरकार ने किया दिल्ली का बेड़ागर्कः माधव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड-67 से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद ने आप पर हमलावर होते हुए कहा कि दिल्ली में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तभी से दिल्ली में विकास की रफ्तार थम गई है। तो वहीं नगर निगम का भी अब बूरा हाल हो गया है।



जिसको लेकर अब दिल्ली की जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही हैं, क्योंकि आप शासित निगम और 'आप' की दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली वासियों को गुमराह किया निगम और दिल्ली सरकार की गलत नीतियों और भ्रष्टाचार की वजह से विकास कार्य पूरी तरह से ठप हो गया हैं। इसलिए दिल्ली के लोग दिल्ली नगर निगम में भी भाजपा के शासन को याद कर रहे हैं।

इस दौरान माधव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली का विकास पूरी तरह से ठप कर दिया है, इसके साथ ही दिल्ली को भ्रष्टाचार और घोटालों की राजधानी बना दिया है।

उन्होनें बताया कि मुख्यमंत्री हमेशा विकास की बात करते हैं, लेकिन विकास कहां और किस स्तर पर हो रहा है यह किसी की समझ में नहीं आ रहा है।

# शिक्षित भारत से ही होगी देश की नीव मजबूतः सोनम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिक्षा** एक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के बगैर व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में अपना विकास नहीं कर सकता ना ही अपने हितों की सुरक्षा कर सकता है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है। उक्त बाते शकूरपुर में रहने वाली व संघ मे नगर समरसता टोली की महिला प्रमुख सोनम चड्ढा ने कही। वहीं सोनम ने बताया कि शिक्षा ही मनुष्य में एक तर्क बुद्धि का विकास करती है और मनुष्य एवं पशु में अंतर साधती है। मनुष्य को सभ्य बनाने में शिक्षा का अहम योगदान रहा है।



प्राचीन काल में भी ऋषि मुनि गुरुकुलों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करते आ रहे हैं। शिक्षा के कारण ज्ञान के क्षेत्र में मनुष्य अपनी तर्क बुद्धि का इस्तेमाल करते हुए आज इतना सभ्य हो चुका है कि उसने विज्ञान के क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन नवीन उन्नति प्राप्त की है और नई-नई खोज की है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई योजना और नियमों के माध्यम से शिक्षा प्रणाली को और भी बेहतर करने का प्रयास कर रही है।

# गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर कृष्णा पार्क में निकाला गया नगर कीर्तन

**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों के क्षेत्र कृष्णा पार्क एक्सटेंशन के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब से गुरु गोबिंद सिंह साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह विशाल नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से शुरू हुआ और विकासपुरी आउटर रिंग, गणेश नगर, न्यू महावीर नगर, पुराना महावीर नगर और आसपास के इलाकों से होते हुए देर शाम समाप्त हुआ।



सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि नगर कीर्तन के स्वागत को लेकर संगत में भारी उत्साह था और संगत द्वारा चाय, ब्रैड पकौड़े, दूध इत्यादि खाने-पीने की वस्तुओं के लंगर व स्टॉल लगाए गए। इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए उचित प्रबंध किए गए थे ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति संदेश दिया जा सके।

# मॉडल टाउन विधानसभाः श्याम रंग में सराबोर हुआ कमला नगर, क्षेत्र के दिग्गजों ने की कार्यक्रम में शिकरत






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित कमला नगर के महाराजा अग्रसेन चौक पर तृतीया श्री श्याम महोत्सव का आयोजन बडी ही धूमधाम से आयोजित किया गया।

**गीतकारों ने बांधा समांः** इस दौरान, लागे हैं प्यारा दरबार बाबा का, मुरली वाले बाबा के दर पे देर हैं मगर अंधेर नहीं, शीश के दानी महाबलवानी, कीर्त्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं, आदि बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खूब झूमे। इस दौरान बाबा की ज्योति, श्रृंगार, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, श्याम रसोई का भी आयोजन किया।

**अतिथियों ने की शिरकतः** श्री श्याम मित्र मंडल कमला नगर की ओर से तीसरा श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद डा. हर्षवर्धन, विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, निगम पार्षद विकेश सेठी, निगम पार्षद रेनू अग्रवाल, अखिल सिंघल, अभिषेक गुप्ता, समाज सेवी अजय गुप्ता, समाजसेवी जानकी दास, अशोक गोयल देवरा, पूर्व पार्षद अरविंद गर्ग, मंच संचालक सुशील गुप्ता सहित अन्य गणमान्यों ने बतौर अतिथियों के रूप में शिरकत की। श्री खाटू श्याम महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक रेशमी शर्मा और कोलकाता से आए गीतकार राज पारीक ने बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया। भजन गायकों द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूमने पर विवश हो गए। महोत्सव में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल द्वारा महोत्सव में आए सभी अतिथियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

# नरेला : हनुमान चालीसा प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन, कई हुए सम्मानित







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला में विजयपथ** फाउंडेशन द्वारा हनुमान चालीसा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के स्कूलों के हजारों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने अंदाज में हनुमान चालीसा का पाठ कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विजयपथ फाउंडेशन की ओर से 21000,11000 व 5100 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में रामदेव चौक स्थित छठ घाट पर हनुमान चालीसा को लेकर एक अनोखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाहरी दिल्ली में पहली बार आयोजित हुई हनुमान चालीसा प्रतियोगिता का आयोजन विजयपथ फाउंडेशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 3 से लेकर 10 व 11 से लेकर 17 आयु वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ करना था बच्चों ने अपने-अपने अंदाज में हनुमान चालीसा का पाठ कर-के लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लविशका जून को 21000 दूसरे स्थान पर रही सवी दुबे को 11000 तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रज्ञा केसरी को 5100 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं 1100 के तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व आईआरएस प्रीता हरित, पूर्व महापौर विजय भगत, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री, लाभार्थी योजना नरेला विधानसभा पवन खत्री (मोनी) प्रदीप ठोलेदार, अवध किशोर त्रिपाठी का विजयपथ फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर, पटका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह की आयोजनों को नियमित रूप से करना चाहिए जिससे बच्चों को भारतीय संस्कृति और धर्म का ज्ञान हो सके। वहीं विजयपथ फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकु विजय भगत ने बताया कि बच्चों के मन में अपने धर्म संस्कृति को जानने के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, ताकि छात्रों के अंदर धर्म संस्कृति के ज्ञान को लेकर जिज्ञ-ासा बढ़े। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम पश्चात शाम को कार्यक्रम स्थल पर 21000 दिए जलाए गए। कार्यक्रम में विजयपथ फाउंडेशन के संरक्षक डॉ सतपाल जून, अध्यक्ष अंकु विजय भगत, संयोजक पुतुल श्रीवास्तव, महासचिव दयानंद चौरसिया, उपाध्यक्ष नवल किशोर, कोषाध्यक्ष निशिकांत झा, कार्यालय सचिव रामबाबू, कार्यालय प्रभारी सुनैना जैन, आईटी प्रमुख अंजलि पांचाल, सुनील शर्मा, धनंजय सिंह, धीरज राजपूत, आनंदकरण, राजू अरोड़ा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीसी की अध्यक्षता में 37वे अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले का उद्घाटन के लिए हुई समीक्षा बैठक

**दिशा-निर्देश**

8 डीसी विक्रम सिंह ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए दिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों दिए दिशा-निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सूरजकुडं के राजहसं होटल में 37वे अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले का उद्घाटन के लिए अधिकारियो के संग समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी विक्रम सिंह ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों दिए दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे। डीसी विक्रम सिंह सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राप्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को दिशा-निर्देश दे रहे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में विभाग वार अधिकारियो को जिम्मेदारी के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस बार का 37वां अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। 37वें अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुडं शिल्प मेला सुबह 10:00 बजे शुरू हो कर रात 08:00 बजे तक रहेगा। वहीं बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुती देंगी। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडकों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों, हेलीपैड की साफ सफाई सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हों। इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों तैयारियां समय से पूरी कर लें।

# खेवड़ा से जाखौली रोड़ के साथ लगती लगभग 7 एकड़ भूमि पर 5 फार्म हाउस व चारदीवारी को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने किया ध्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
जिला नगर योजनाकार सोनीपत की ईन्फोरसपमैन्ट टीम द्वारा गांव खेवड़ा की राजस्व सम्पदा में खेवड़ा से जाखौली रोड़ के साथ लगती हुई लगभग 7 एकड़ भूमि पर 5 फार्म हाउस व चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा था, जिसको जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि यह अवैध निर्माण भू-मालिकों द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध निर्माण व अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर मे पनप रहीं अवैध कालोनियों व निमार्णों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी अवैध कालोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि कॉलोनाइजरों व भू-माफीया के किसी भी झांसे में ना आए तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करें। अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करने व अवैध कालोनी काटने वाले कॉलोनाइजरों व भू-माफीया के खिलाफ मुकदमें भी दर्ज करवाएं जाएगें।



## संक्षिप्त खबरें

### प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर में लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में निजी व सरकारी स्कूल के नौंवी से बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बीआरसी आजाद सिंह बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। आजाद सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में कानूनी जागरूकता लाना और अपने कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में जानकारी देना है। इस दौरान भाषण, पेंटिंग, वाद-विवाद व अन्य प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को आजाद सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संध्या, सरिता, प्रदीप, सत्यपाल, सुचेता, अजय आदि मौजूद रहे।

### शटर उखाड़ कर परचून का सामान चुराया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
खुबडू रोड स्थित परचून की दुकान का शटर उखाड़ कर चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दुकान मालिक ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में शेखपुरा गांव के दिनेश ने बताया कि वह 29 दिसंबर की सुबह उसकी दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। जब उसने सामान चेक किया तो दुकान से 2 बैटरियां, आधा कट्टा चीनी, 4 कट्टे चावल, 2 पेटी सरसों का तेल व 5 कैरेट अंडे चोरी हुए मिले। पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई ने जीता ग्रीन स्कूल स्टर्लिंग अवार्ड- बना प्रदेश का नंबर वन ग्रीन स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया/राइ**
मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई ने पूरे देश में हुए सर्वे में ग्रीन स्कूल स्टर्लिंग अवार्ड अपने नाम किया। इस सर्वे में देश भर से करीबन 7000 स्कूलों ने हिस्सा लिया था। आँकड़ों की माने तो देश भर से केवल 3 ही स्कूल इस मापदंड पर खरे उतर पाये हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था सेंटर फार साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) के ग्रीन स्कूल प्रोग्राम (जीएसपी) के तहत मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल की पर्यावरण व्यवस्था के आधार पर अलग-अलग वर्ग में सम्मानित किया गया। ग्रीन स्कूल अवार्ड सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायर्मेंट द्वारा चलाया गया एक कार्यक्रम है जो कि एक पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य व्यावहारिक और विचारोत्तेजक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है। यह एक पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली भी है जो छात्रों के माध्यम से, स्कूल परिसरों के भीतर प्राकृतिक संसाधनों की खपत का ऑडिट करती है और कीमती संसाधनों की बबार्दी को कम करने के लिए व्यावहारिक समाधान तैनात करके स्कूलों को अच्छे पर्यावरण प्रबंधक बनने में मदद करती है। मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई के निदेशक कर्नल मोर से बातचीत में उन्होंने बताया कि ग्रीन स्कूल प्रोग्राम स्कूलों को संसाधनों के उपयोग का ऑडिट करने और उनके उपभोग और बबार्दी को मैप करने में मदद करता है। इसमें मुख्यतः वायु, ऊर्जा, भूमि, पानी, वेस्ट और भोजन के इस्तेमाल को ध्यान में रखा जाता है।हमारे स्कूल में बेहतर रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, दूषित पानी को साफ़ करने के लिए एसटीपी, और सैंकड़ों तरह के वृक्ष और कई तरह की पक्षियों की प्रजातियाँ हैं। स्कूल में इसी वर्ष बोटैनिकल गार्डन और ईको ब्रिक सिस्टम बनाया गया है जो हमे बाकी सबसे अलग दशार्ता है।

### गोहाना बंद का गन्नौर व्यापार मंडल ने किया समर्थन, कड़ी कार्रवाई की करी मांग

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गोहाना में हलवाई मातूराम से फिरौती मांगने व फायरिंग मामले की गन्नौर व्यापार मंडल ने कड़ी निंदा की है। गन्नौर व्यापार मंडल ने मगलवार को बैठक करते हुए गोहाना बंद का समर्थन किया। गन्नौर व्यापार मंडल प्रधान शेखर चंद जैन ने कहा कि जिस तरह से मातूराम हलवाई पर हमला हुआ है उससे व्यापारियों में रोष है। जिले में लचर कानून व्यवस्था की वजह से अब व्यापारी खुद को सुरक्षित नहीं मान रहे। यदि हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो किसी दूसरे व्यापारी के साथ भी यह घटना घट सकती है।

## एडीसी आनन्द शर्मा ने बंटवाए एलईडी बल्व

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 30 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**
एडीसी आनंद कुमार शर्मा ने "कॉमन एरिया लाइटनिंग कैंपेन फॉर रूरल सेक्टर" के तहत उर्जा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ाने, व्यापक जागरूकता फैलाने और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए जिला के पांच ग्राम पंचायतों को एल.ई.डी बल्ब वितरित किये गये। ये बल्ब जिला के पांच ग्राम पंचायतों अमीपुर, पाली, खंदावली, चांदपुर, कबूलपुर पट्टी के सरपंचो तथा सम्बंधित ग्राम सचिवों को वितरित किये गये। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन एल.ई.डी बल्ब को देने उद्देश्य स्कूल/कालेज/होस्टल/धार्मिकस्थान/पार्क/मंदिर/गुरुद्वारा/ मस्जिद/ सामुदायिकभवन/सीएचसी/पीएचसी/पंचायतघर/ आंगनवडीसेंटर/

# गोल्ड जीतकर लौटे शिवांशु का देवेंद्र कादियान ने माला पहनाकर किया स्वागत

**एशियन गेम्स**

8 दुबई में एशियन पावर लिफ्टिंग में पीएस स्कूल भूर्री के शिवांशु ने जीता गोल्ड, अब लंदन खेलेगा वर्ल्ड चैंपियनशिप

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
भूर्री गांव स्थित पी एस पब्लिक स्कूल के पावर लिफ्टर शिवांशु बैरागी का जज्बा देखते ही बनता है। 27 से 28 जनवरी तक दुबई में हुई एशियन गेम्स में 74 केजी में इस खिलाड़ी ने गोल्ड जीता है। शिवांशु बैरागी का वर्ल्ड चैंपियनशिप में चयन हुआ है जो जून माह में लंदन में होगी। गांव में पहुंचने पर उसके स्वागत में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ी शिवांशु बैरागी का माला पहनाकर जोरदारर स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी जीत की बधाई देने के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि खिलाड़ी शिवांशु बैरागी ने दुबई में गोल्ड जीतकर न केवल अपने गांव बल्कि जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपने मनपसंद खेलों में रूचि रखनी चाहिए। इस अवसर पर सूबे सिंह बैरागी, मूर्ति देवी, पवन कुमार, बसंत कुमार, जोगेंद्र, पीएस स्कूल डायरेक्टर संजीव कौशिक, प्रिंसिपल नवीन कौशिक, तरुण कौशिक, पप्पू प्रजापत, रामनिवास, सुंदरलाल, किताब सिंह, अनिल शर्मा, विशाल बल्हारा ने शिवांशु को जीत की बधाई दी।
--लंदन में खेलेगा वर्ल्ड चैंपियनशिप शिवांशु
शिवांशु बैरागी के पिता श्री भगवान दिव्यांग होने पर भी ऑटो चलाकर अपने बच्चों का भविष्य बनाने में जुटा है। जबकि मां रेणु गृहिणी है। शिवांशु गांव में ही पीएस पब्लिक स्कूल में 12 वीं कक्षा का छात्र है। 3 साल पहले पावर लिफ्टिंग में अपनी रूचि दिखाई और जिम में जाकर पावर लिफ्टिंग में अभ्यास करना शुरू कर दिया। प्रतियोगिताओं में भाग लेना प्रारंभ कर दिया और पदक जीतने लगा। शिवांशु ने बताया कि दुबई में हुई स्पर्धा में बेंच प्रेस पर 110 किलो वजन उठाकर गोल्ड जीता है। इस जीत के बाद अब लंदन में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी में लग गया हूं। शिवांशु ने अपनी कामयाबी का श्रेय कोच व परिवारजनों को दिया है।



# खेवड़ा के माडल संस्कृति स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिता में बाजी मारी

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
राजकीय माडल सस्कृति विद्यालय खेवड़ा में खंड स्तरीय लिगल लिटरेसी कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें खंड स्तर पर नौंवी से बाहरवीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। उनमें से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का चयन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी योगेश चन्द्र ने की। विद्यालय के कार्यवाह प्रधानाचार्य सुरेन्द्र महला ने बताया कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र जिला स्तर पर 5 फरवरी को प्रतियोगिता में भाग लेगे। उन्होंने बताया कि खेवड़ा स्कूल के छात्रों ने ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राप्त किए है।



## दीपक कुमार बने गन्नौर इकाई के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
सिटी सब डिवीजन गन्नौर में आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की गन्नौर इकाई का त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी दिनेश कुमार तथा सर्कल सचिव देवेंद्र दहिया की देखरेख में हुए चुनाव में दीपक कुमार को प्रधान, पवन कुमार को उपप्रधान, नीरज कुमार को सचिव, नरेश कुमार को सहसचिव, नीरज कुमार को कोषाध्यक्ष, साधूराम व लोकेश कुमार को संगठनकर्ता की जिम्मदारी सौंपी गई। चुनाव के बाद पदाधिकारियों को यूनियन हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई और कर्मचारियों की मांगों को लेकर सक्रीय रहने के निर्देश दिए गए। इस

# आंगनवाड़ी सेविकाओं को वीसी के माध्यम से पोषण ट्रैकर एप के उपयोग को लेकर प्रशिक्षण दिया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार व इसके अनुश्रवण की प्रक्रिया आसान बनाने व केंद्रों की सतत निगरानी व अनुश्रवण के लिये पोषण ट्रैकर एप के उपयोग को लेकर विभाग के कार्यालय में वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। पोषण ट्रैकर नाम के इस एप के सफल क्रियान्वयन को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण से सभी सेविकाओं को काम करने में सहूलियत होगी। उक्त बातें आईसीडीएस विभाग ने वीसी के माध्यम से बताया कि आईसीडीएस से संबंधित सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार व आंगनबाड़ी केंद्रों के अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) को सहज व प्रभावकारी बनाने के लिये विभागीय स्तर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।
ट्रैकर नाम के इस एप के उपयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों का मूल्यांकन व निगरानी आसान हो गई है। वीसी में बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित, पोशन ट्रैकर एप सभी आंगनवाड़ी केंद्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, और लाभुकों की वास्तविक समय की निगरानी और ट्रैकिंग सक्षम बनाता है। यह सरकारी एप गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, बच्चों, किशोर लड़कियों और किशोर लड़कों के लिए, आंगनबाड़ी केद्रों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और संपूर्ण लाभार्थी प्रबंधन की गतिविधियों का दृश्य प्रदान करता है। सेविकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों से संबंधित जानकारी को पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान आईसीडीएस के प्रशिक्षक ने आईसीडीएस द्वारा सेविकाओं को मिले मोबाइल पर पोषण कार्यक्रम लॉगिन कर विस्तार से जानकारी,गर्भवती महिलाएं, छह माह से उपर के बच्चों, तीन से छह आयु वर्ष के बच्चों तथा किशोरियों आदि के लिए संचालित पोषण कार्यक्रम के तहत अलग-अलग निबंधित लाभार्थियों के विवरण को पोषण ट्रैकर एप पर ऑनलाइन करने का तरीका बताया।

# अनमोल के नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई

**फरीदाबाद, 30 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**
राजस्थान के जोधपुर में 28 जनवरी को संपन्न हुई ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूनमिंट में शहर की बेटी अनमोल खरब ने एक बार फिर गौरव बढ़ाया है। रविवार को हुई स्पर्धा में अनमोल ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महाराष्ट्र और दिल्ली की खिलाड़ियों को हराकर यह जीत हासिल की है।स्वर्ण पदक जीतने पर बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने उनके घर जाकर पौधे देकर स्वागत किया।जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव व चेयरमैन कुंवर दलपत सिंह एडवोकेट ने अनमोल को इस जीत पर बधाई दी है। अनमोल ने क्वार्टर फाइनल में श्रुति मुंडाडा को 21-10, 21-18 से हराया। सेमीफाइनल में दिल्ली की भव्य ऋषि को 21-17,18-21 व 21-9 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 13- 21, 21-11 व 21-19 से महाराष्ट्र की खिलाड़ी अलीशा नायक को हराकर टूननामेंट में खिताबी जीत हासिल की। बता दें, 16 वर्ष की आयु में अनमोल ने अंडर-16, 19 और सीनियर वर्ग की चैंपियन रही है। नोएडा की अकादमी से ले रहीं प्रशिक्षण।वशिष्ठ ने कहा अनमोल ने अपने बैडमिंटन करियर की शुरूआत सेक्टर- 15 स्थित सामुदायिक भवन से की थी। इसके बाद जिला बैडमिंटन संघ की अकादमी में अभ्यास शुरू किया था। पिछले कुछ समय से बेहतर तैयारी के लिए नोएडा स्थित अकादमी में अभ्यास कर रही है। अनमोल फरीदाबाद की पहली ऐसी खिलाड़ी हैं, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई थी। वह 13 से 18 फरवरी तक मलेशिया में होने वाली एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। इनका चयन वर्ष 2023 में हैदराबाद में संपन्न।



# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने विकास को दिये नये आयामः सांसद रमेश कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत संजीव कौशिक।।**
सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश के विकास को नये आयाम दिये हैं। आज चहुंओर विकास की बयार बह रही है। हर वर्ग और हर क्षेत्र का समान रूप से विकास किया गया है, जिससे जनता में खुशहाली की लहर दौड़ रही है। विकास की इस गति को अब थमने नहीं दिया जाएगा।
सांसद कौशिक मंगलवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे, जिसमें विशेष रूप से भाजपा के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकताओं ने भी हिस्सा लिया। बैठक में विधायक निर्मल चौधरी, विधायक महिपाल ढांडा, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, अर्चना गुप्ता प्रदेश महामंत्री, प्रदेश सचिव ओमेश शर्मा, पूर्व मंत्री कविता जैन, डा. ओमप्रकाश आत्रेय, विजयपाल, परमवीर सैनी, योगेश पाल अरोड़ा, माईराम कौशिक आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अपने संबोधन में सांसद कौशिक ने कहा कि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के विकास को विशेष रूप से मजबूती दी गई है। सांसद के नाते ऐसा कोई कार्य शेष नहीं है, जिसका लाभ सोनीपत को न मिला हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसका विपक्ष के पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने दावा कि एक बार पुनः प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सत्ता में भाजपा की वापसी होगी। इसके बाद हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार बनेगी।
विधायक महिपाल ढांडा ने कार्यकताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे देश को राममय बना दिया है। इससे कार्यकताओं में विशेष उत्साह का सृजन हुआ है, जो अब कम नहीं होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को विकास पथ पर तीव्रता से अग्रसर किया है। प्रदेश के कोने-कोने का चहुंमुखी विकास हुआ है।
गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने प्रत्येक किसान के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है, जिसका फायदा किसानों को मिला है। उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इसमें हर कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है। इसकी कार्य प्रणाली अन्य पार्टियों से अलग है। भाजपा में लोकतांत्रिक ढंग से सभी कार्यकताओं को मौका मिलता है। गत राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर प्रदेशों में जो मुख्यमंत्री का चयन किया गया है उसे स्पष्ट लगता है कि भाजपा में सभी कार्यकताओं के लिए समान अवसर हैं।



# सरल केंद्र में आपरेटर के न होने से प्रिंट नहीं हो पा रहे लाइसेंस व आरसी, बढ़ रही परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
लघु सचिवालय के सरल केंद्र में लाइसेंस व आरसी न मिलने की वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सरल केंद्र में पिछले कई दिनों से लाइसेंस व आरसी प्रिंट करने वाले आपरेटर की कुर्सी खाली पड़ी है। करीब 15 दिन पहले आपरेटर ने नौकरी छोड़ दी, जिसके बाद से उसके स्थान पर प्रशासन द्वारा नया आपरेटर नहीं भेजा गया है। ऐसे में आपरेटर के होने की वजह से ड्राइविंग लाइसेंस व आरपसी प्रिंट नहीं हो पा रहे हैं। इस कारण नए ड्राइविंग लाइसेंस व आरसी के नवीनीकरण, पता परिवर्तन, डुप्लीकेट लाइसेंस व आरसी की पेंडेंसी बढ़ रही है। लोग आरसी व लाइसेंस न मिलने की वजह से लाइसेंस शाखा में कारण पूछने के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कार्यालय में उन्हें निराशा मिल रही है। जो लोग अपनी गाड़ी से बाहर जाना चाहते हैं, उन्हें अपने रजिस्ट्रेशन कार्ड अथवा लाइसेंस का इंतजार करना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की कि सरकार व प्रशासन से इस समस्या का जल्द हल करने की मांग की है।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 31 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के प्रति निष्ठा'

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

**'मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि'**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर बापू को याद किया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू के विचार एक भारत-श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वत्रंतदेव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी प्रदेश के कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया।

## फसलों के नुकसान का मुआवजा देने में लापरवाही पर सीएम सख्त



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री योगी ने नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विभिन्न आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा नहीं देने पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि फसलों के नुकसान का सत्यापन करने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को मुआवजा राशि व अन्य राहत प्रदान की जाती है लेकिन कुछ मामलों में तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फसलों का सत्यापन पूर्ण नहीं हो सका। वहीं दोबारा उनका सत्यापन नहीं किया गया, जिससे कुछ किसान सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली राहत और मुआवजा राशि प्राप्त नहीं कर सके। इसी को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने सख्ती जताते हुए अधिकारियों से जवाब तलब करने के साथ ही वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।

**मुख्यमंत्री योगी ने लापरवाही पर नाराजगी जाहिर कर लगाई कड़ी फटकार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका।

**फास्ट न्यूज**

## सड़क हादसे में पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह और बेटे घायल, पत्नी की मौत

**अलवर:** दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस हाइवे पर हुए एक सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह की मौत हो गई। इस दुर्घटना में मानवेंद्र सिंह और उनका बेटा हमीर सिंह घायल हुआ है, जिनका अलवर के निजी अस्पताल में इलाज चल था है। हादसा मंगलवार शाम अलवर के नौगांवा के पास खुसपुरी (हरियाणा बॉर्डर) में हुआ। जानकारी के अनुसार गाड़ी में चार लोग सवार थे। इनके साथ ड्राइवर भी था, वह भी गंभीर घायल है। इस हादसे में मानवेंद्र सिंह के बेटे हमीर सिंह के हाथ और नाक में फ्रैक्चर हुआ है। वहीं पूर्व सांसद के सीने की पसली टूटी है और फेफड़े में भी चोट आई है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद अलवर कलेक्टर और एसपी भी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। वही घटना की सूचना के बाद जिलेभर से लोग अस्पताल पहुंच गए है। अस्पताल के बाहर भारी भीड़ मौजूद है। हॉस्पिटल के बाहर जाब्ता तैनात किया गया है। पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह पूर्व विदेश एवं वित्त मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। बाड़मेर जैसलमेर से एक बार सांसद बने हैं, वहीं उनकी पत्नी चित्रा सिंह उनके साथ में राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं। इनके एक बेटा और एक बेटी है। लंबे समय से जोधपुर एयरफोर्स एरिया में रहते है। इनका पैतृक गांव बालोतरा जिले का जसोल गांव है। पूर्व विदेश मंत्री की पुत्रवधू चित्रा सिंह चित्तौड़गढ़ के भैंसरोडगढ़ के पूर्व राजघराने से है।

## इंडिया स्टोन मार्ट: एक फरवरी से जयपुर में सजेगा पत्थरों का बाजार

जयपुर: सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडॉस) के तत्वावधान में इंडिया स्टोनमार्ट-2024 के 12वें संस्करण का शुभारंभ एक फरवरी की सुबह ग्यारह बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेन्टर (जेईसीसी) सीतापुरा में किया जाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट का यह अन्तरराष्ट्रीय आयोजन 1 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित होगा।

यह आयोजन पत्थर उद्योग से संबंधित विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, वास्तुकारों, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट-2024 स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरर्स, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने और उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा।

## हिजाब विवाद: 'स्कूलों में ड्रेस कोड ही लागू रहेगा'



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

जयपुर में शुरू हुआ हिजाब विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। हवामहल सीट से भाजपा विधायक बालमुकंद आचार्य के खिलाफ सोमवार को मुस्लिम समाज की छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन कर गंभीर आरोप लगाए। वहीं, मंगलवार को हिंदू समाज की छात्राएं सामने आईं और विधायक पर लगे आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि हर शुक्रवार को स्कूल में हाथ फैलाकर प्रार्थना कराई जाती है, स्कूल में एक मस्जिद भी है। इधर, हिजाब विवाद को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो हालात बने उसकी जांच कराई जाएगी। किसी भी हाल में धर्मांतरण नहीं होने देंगे। स्कूलों में ड्रेस कोड ही लागू रहेगा। जिस विद्यालय में सरस्वती मां की मूर्ति या चित्र नहीं होगा उस स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार, सरकार होती है, आदेशों का पालन करानी जानती है।

**क्या है मामला?:** 27 जनवरी को जयपुर की हवामहल सीट से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य गंगापोल में संचालित राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनकर गए थे। सोमवार को इस स्कूल में पढ़ने वालीं मुस्लिम समाज की छात्राएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने सुभाष चौक थाने का घेराव कर विधायक बालमुकुंद के खिलाफ कार्रवाई की।

## कठुआ: मिले विस्फोटक उपकरण, किए गए निष्क्रिय



**टीम एक्शन इंडिया/कठुआ**

कठुआ जिले के शेरपुर इलाके में बई नाला के पास मंगलवार को एक पॉलिथीन बैग में मिले दो विस्फोटक उपकरणों को सुरक्षित तरीके से बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 2 किलोमीटर दूर हीरानगर के शेरपुर इलाके की ओर जाने वाली सड़क पर बई नाला के पास तलाशी अभियान के दौरान एक पॉलिथीन बैग मिला। बैग की जांच करने पर इसमें विस्फोटक उपकरण पाए गए। इसके बाद अन्य सुरक्षाकर्मियों तथा बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर बुलाया गया। कुछ ही देर में अन्य सुरक्षाकर्मी तथा बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया।

## उत्तर प्रदेश की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विकास के ट्रैक पर तेजी से दौड़ रहे उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2024 में उत्तर प्रदेश की मनोरम झांकी ने सभी का दिल जीत लिया। 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की झांकी को 75वें गणतंत्र दिवस पर द्वितीय पुरस्कार मिला है।

मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। इसमें पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें पांच वर्ष के रामलला को हाथों में धनुष लिए दशार्या गया था। झांकी पर ऋषि-मुनियों के साथ सनातन परंपरा और महाकुंभ आयोजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला। साथ ही रैपिड रेल, ब्रह्मोस मिसाइल के प्रदर्शन तकनीक के साथ ही आत्मनिर्भर होते यूपी की झलक पेश कर रहा था।

**झांकी**

**गणतंत्र दिवस समारोह 2024 में 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' थीम पर सजाई गई थी यूपी की झांकी**

**अनवरत पांचवें वर्ष मिला उत्तर प्रदेश को सम्मान:** उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। उत्तर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए अनवरत पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया। 2020 में यूपी की झांकी को द्वितीय, 2021 व 2022 में प्रथम पुरस्कार मिला था।

